विचार

सफलता का कोई रहस्य नहीं है, वह केवल अत्यधिक परिश्रम चाहती है. कार्य ही सफलता की बुनियाद है

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D.Edition.....


Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimesnews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

bharattimesnews01@gmail.com



पेज-3

वर्ष- 3 अंक- 17 पेज-8 दिल्ली, सोमवार 24 फरवरी 2025 ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित


# राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे GIS का शुभारंभ

## अड़ानी-बिड़ला समेत 300 से अधिक बड़े उद्योगपति जुटेंगे

♦भारत टाइम्स♦

**भोपाल**

भविष्य के मध्य प्रदेश के लिए सोमवार और मंगलवार के दिन बेहद खास होने वाले हैं। दोनों दिन भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआइएस) में देश के शीर्ष औद्योगिक समूहों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी व सीईओ भाग ले रहे हैं।

कुल 18 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें 50 से अधिक अन्य देशों के 133 अंतरराष्ट्रीय डेलिगेट्स भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने वाली समिट का उद्घाटन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। वह सुबह 10 बजे 11.15 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे।

### प्रदेश की आठवीं इन्वेस्टर्स समिट

प्रदेश में इसके पहले सात इन्वेस्टर्स समिट हो चुकी हैं, जिसमें आखिरी वर्ष 2023 में इंदौर में हुई थी। भोपाल में यह पहली समिट है, जिसका




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद प्रदेश में आकर शुभारंभ कर रहे हैं। कुछ केंद्रीय मंत्री और केंद्र सरकार के अधिकारी भी समिट में वक्ता के रूप में शामिल हो रहे हैं। राज्य सरकार ने लगभग एक वर्ष पहले रीजनल इन्वेस्टर्स समिट शुरू करने के साथ जीआइएस की तैयारी प्रारंभ कर दी थी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु और कोलकाता में निवेशकों के साथ बैठक की।

इसमें औद्योगिक, खाद्य, निर्यात, एमएसएमई, स्टार्ट-अप्स, जीसीसी, सेमी-कंडक्टर, ड्रोन, पर्यटन, फिल्म निर्माण आदि नीतियां शामिल हैं। इसके जरिए निवेशकों के लिए अनुदान और अन्य लाभ दिए जाएंगे। सरकार को आशा है कि इस जीआइएस में इसके पहले हुई इन्वेस्टर्स समिट के सारे रिकार्ड टूट सकते हैं। दो दिन की समिट में अलग-अलग सत्र होंगे। इसमें आइटी एवं टेक्नोलाजी, ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, एमएसएमई एवं स्टार्टअप्स, खनन और शहरी विकास समिट होंगी।

थीमेटिक सत्र में फार्मा, कौशल विकास, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, ग्रीन एनर्जी, को-आपरेटिव, स्टार्टअप्स को लेकर अलग-अलग थीम पर सत्र होंगे। पार्टनर कंट्री सत्र में ग्लोबल साउथ, जापान, जर्मनी, कनाडा, पोलैंड के साथ अलग-अलग सत्र होंगे।

### ये प्रमुख उद्योगपति आएंगे

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज समूह के नादिर गोदरेज, संजीव पुरी सीएमडी आइटीसी लिमिटेड, अश्विनी अरोड़ा एमडी दावत फूडस, रघुपति सिंघानिया सीएमडी जेके टायर बालकृष्ण गोयनका अध्यक्ष, वेल्सपेन वर्ल्ड, सुनील बजाज कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य बिड़ला ग्रुप, सतीश पई एमडी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, एमके अग्रवाल एमडी ग्रासिम इंडस्ट्री, कैलाश झावर एमडी अल्ट्राटेक सीमेंट, राघवपत सिंघानिया एमडी जेके सीमेंट आदि शामिल हो रहे हैं।

### यह है प्रदेश की ताकत

- 43 हजार एकड़ का लैंड बैंक
- 123 इंडस्ट्रियल एरिया
- 13 इंडस्ट्रियल पार्क
- सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा उत्पादक
- कपास का सबसे बड़ा उत्पादक
- इनकी उपस्थिति भी खास रहेगी
- 133 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागी
- 3398 स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि
- 562 एनआरआइ

## न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे विमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी, रोम किया गया डायवर्ट



न्यूयॉर्क से नई दिल्ली जा रही अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट को रविवार को बम की धमकी के बाद रोम की ओर डायवर्ट कर दिया गया। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर द्वारा संचालित उड़ान एए 292, 22 फरवरी को जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुई थी। फ्लाइट के क्रू मेंबर्स को बम की धमकी मिली। इसके तुरंत बाद एहतियाती कदम उठाते हुए फ्लाइट को डायवर्ट कर दिया गया। रोम में सिक्योरिटी ऑफिसर्स से मंजूरी मिलने के बाद ही फ्लाइट अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी। यूके न्यूज इन पिक्चर्स के अनुसार, अमेरिकन एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बम की धमकी की पुष्टि करते हुए कहा, ह्यन्यूयॉर्क से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट अअ292 को संभावित सुरक्षा खतरे के कारण रोम की ओर मोड़ दिया गया है। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और जैसे-जैसे स्थिति विकसित होगी, हम अपडेट देते रहेंगे। हम अपने यात्रियों के धैर्य और सहयोग की सराहना करते हैं।

### सभी यात्री और क्रू मेंबर्स सुरक्षित

फ्लाइट में बैठे सभी यात्री और क्रू मेंबर्स एकदम सेफ हैं। फ्लाइट क्रू ने सभी यात्रियों को अपनी सीट पर बैठे रहने को कहा है, जबकि अधिकारी हालात को संभाल रहे हैं। एरोपोर्टी डी रोमा और इतालवी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचकर जांच कर रही हैं। बता दें कि हाल के दिनों में, स्कूलों और अन्य संस्थानों के साथ-साथ कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने छतरपुर के बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की नींव रखी

# 'कुछ नेता विदेशी ताकतों से मिलकर देश-धर्म को कमजोर कर रहे : प्रधानमंत्री मोदी

♦भारत टाइम्स♦

**छतरपुर मध्यप्रदेश**

मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। वे यहां बनने वाले कैंसर अस्पताल की नींव रखने आए थे। उन्होंने करीब 35 मिनट जनता को संबोधित किया। इस दौरान विपक्ष पर हमला बोला, धीरेंद्र शास्त्री की तारीफ की और उनकी मां से भी मुलाकात भी की। पीएम मोदी ने बुंदेलखंडी में बोलकर अपने भाषण की शुरूआत की। मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड आने का सौभाग्य मिला है। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान दस एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही 100 बेड की सुविधा होगी। मैं इस काम के लिए धीरेंद्र शास्त्री को बधाई देता हूं। भाइयों बहनों नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है। और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए



लोग हमारे मठ, मान्यताओं और मंदिरों पर, संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व, परंपरा और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है उस पर ये कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही उनका मकसद है।

### शास्त्री दे रहे एकता का मंत्र

मोदी ने कहा कि मेरे छोटे भाई धीरेंद्र शास्त्री काफी समय से एकता के मंत्र को देकर लोगों को जागरूक करते रहते हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। इस कैंसर संस्थान के निर्माण की जिम्मेदारी। यानी अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। मोदी ने कहा कि साथियों हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम ये एक ओर पूजन और साधना के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चिंतन, सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया, योग का विज्ञान दिया, जिसका परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। अर्थात दूसरों की सेवा ही धर्म है। इसलिए नर में नारायण, जीव मे शिव, इस भाव से जीवमात्र का सेवा, यही हमारी परंपरा रही है।

### महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप से प्रेरणा देता रहेगा

आजकल हम देख रहे हैं, महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। संतों के दर्शन किए हैं। अगर इस महाकुंभ की तरफ नजर करें तो सहज भाव उठ जाता है ये एकता का महाकुंभ है। आने वाली सदियों तक 144 वर्ष के बाद हुआ ये महाकुंभ एकता के महाकुंभ के रूप से प्रेरणा देता रहेगा और देश की एकता को मजबूती देने का अमृत परोसता रहेगा।

## इंदौर का हर पांचवां व्यक्ति बीमार, बीपी-शुगर और फैटी लिवर जैसी गंभीर समस्याएं

**इंदौरः** स्वच्छ इंदौर को स्वस्थ इंदौर बनाने की ओर कदम बढ़ाने की बातें की जा रही है, लेकिन दूसरी ओर शहरवासियों में बीमारियां बढ़ती जा रही है। शहर में चल रहे निरोगी काया अभियान में चौकाने वाले आकड़े सामने आए हैं। 30 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग के 20 प्रतिशत लोगों को उच्च रक्तचाप, मधुमेह है यानि इंदौर का हर पांचवा व्यक्ति इन बीमारियों से पीड़ित है। शहरवासी अपनी सेहत के प्रति जागरूक नहीं है। पौष्टिक आहार का सेवन और व्यायाम नहीं करते हैं। यह आकड़े 20 फरवरी से शुरू हुए अभियान के अंतर्गत दो दिन में सामने आए है। यह अभियान 30 मार्च चलेगा। इसके अलावा नॉन-अल्कोहल फैटी लिवर के मरीज भी सामने आए हैं। इन मरीजों का निश्शुल्क इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा। खासबात है कि जो भी मरीज सामने आए है, उन्हें पता ही नहीं था कि उन्हें कोई बीमारी है।

बता दें कि यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है, इसके माध्यम से पता कर रहे हैं कि लोगों में कौनसी बीमारी अधिक है। साथ ही इससे आने वाले दिनों में बढ़ती बीमारियों के हिसाब से केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर बजट भी बढ़ाया जाएगा।

### 4629 में से 957 लोगों में निकली बीमारियां

आकड़ों के मुताबिक गुरूवार और शुक्रवार को 4629 लोगों की उच्च रक्तचाप, मधुमेह और नान-अल्कहोलिक की जांच हुई है। इनमें से 957 लोगों में बीमारियां मिली है। गुरूवार को 616 लोगों की जांच की गई, इसमें से 118 मरीज उच्च रक्तचाप, 82 मरीज मधुमेह और छह मरीज फैटी लिवर के मिले हैं। 84 मरीजों को उच्चरक्तचाप और मधुमेह दोनों है। वहीं शुक्रवार को 4013 लोगों की जांच की है, इनमें से 416 मरीज उच्चरक्तचाप, 330 मरीज मधुमेह और पांच मरीज फैटी लिवर के मिले हैं। 146 मरीजों को उच्चरक्तचाप और मधुमेह दोनों है। यह लोग जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आए थे, यहीं इनकी जांच की गई।

## कोहली ने फिर आईसीसी टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर अपना दबदबा कायम रखा

# विराट कोहली का 51वां शतक, भारत ने 6 विकेट से पाकिस्तान को हराया

♦भारत टाइम्स♦

**दुबई।** भारत ने 23 फरवरी 2025 की रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही उसने चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के फाइनल में मिली हार का बदला भी लिया। भारत बनाम पाकिस्तान हमेशा से एक हाई वोल्टेज मुकाबला रहा है, लेकिन असाधारण मैच में डिफेंडिंग चैंपियन का प्रदर्शन बहुत ही साधारण रहा।

कप्तान मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील और खुशदिल शाह को छोड़ दें तो बल्लेबाजी में पाकिस्तान का कोई भी खिलाड़ी प्रभाव नहीं छोड़ पाया। गेंदबाजी में नसीम शाह और अबरार अहमद को छोड़ सभी ने 5 से ज्यादा के औसत से रन दिए। सबसे ज्यादा पिटाई दुनिया के दिग्गज गेंदबाजों में शामिल शाहीन शाह अफरीदी सबसे महंगे साबित हुए। वह 2 विकेट लेने में जरूर सफल रहे, लेकिन 8 ओवर में 9.2 के औसत से 74 रन लुटाए।

हारिस रऊफ भी खाली हाथ रहे। उन्होंने 7 ओवर में 52 रन दिए। अबरार अहमद ने बहुत ही किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 10 ओवर में सिर्फ 28 रन दिए और शुभमन गिल का महत्वपूर्ण विकेट भी लिया। भारतीय बल्लेबाजी का मुख्य आकर्षण विराट कोहली का 51वां वनडे



इंटरनेशनल शतक रहा। विराट कोहली ने इस शतक के साथ ही फॉर्म में वापसी की। उनकी इस फॉर्म की लंबे समय से उन्हें और टीम इंडिया को दरकार थी।


कहना गलत नहीं होगा कि विराट कोहली ने आईसीसी टूनार्मेंट्स में पाकिस्तान पर फिर अपना दबदबा कायम रखा। विराट कोहली के नाबाद 100 रन (111 गेंद, 7 चौके) के मदद से भारत ने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6 विकेट से जीत दर्ज की और चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की की। भारत अब 4 अंक के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है और अंतिम 4 में जगह बनाने के लिए निकट है। विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

पाकिस्तान लगातार दूसरी हार के बाद 8 टीमों के इस आयोजन से जल्द ही बाहर होने की कगार पर है। भारत ने 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली के शतक के अलावा, श्रेयस अय्यर की 67 गेंद में 56 रन और शुभमन गिल की 52 गेंद में 46 रन की पारियों की मदद से 7 ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली सबसे तेज 14,000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। कोहली के खिलाफ पाकिस्तान की सबसे बड़ी उम्मीद शायद लेग स्पिनर अबरार अहमद रहे होंगे। कोहली को अहमद के खिलाफ कुछ मुश्किल पलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने जोखिम कम करते हुए ज्यादातर सिंगल्स में उनका सामना किया। पाकिस्तान के खिलाफ इस जीत का श्रेय भारतीय गेंदबाजों को भी जाता है। भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 241 रन पर सीमित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। यह स्कोर सऊद शकील के शानदार अर्धशतक और खुशदिल के कैमियो की बदौलत संभव हुआ। शकील (62, 76 गेंद, 5 चौके) ने ज्यादा परेशान नहीं किया और कप्तान मोहम्मद रिजवान (46) के साथ तीसरे विकेट के लिए 104 रन जोड़े, लेकिन पाकिस्तान कभी भी अपनी पकड़ नहीं बना पाया।




# दिव्य-भव्य महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र रहा डिजिटल एक्सपीरियेंस सेंटर

- **महाकुम्भ में 3.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया डिजिटल अनुभूति केंद्र का आनंद**
- **महामहिम राष्ट्रपति समेत कई गणमान्य अतिथि बने डिजिटल अनुभूति केंद्र के साक्षी**
- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल अनुभूति केंद्र को आस्था और आधुनिकता का संगम करार दिया**
- **डिजिटल महाकुम्भ का साकार रूप बन कर उभरा डिजिटल अनुभूति केंद्र**






♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भनगर।**

आस्था और आध्यात्म के महापर्व, महाकुम्भ को सीएम योगी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से इस वर्ष दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल महाकुम्भ के तौर पर भी विकसित किया गया। इस क्रम में मेला क्षेत्र के सेक्टर-4 में बना डिजिटल अनुभूति केंद्र, डिजिटल महाकुम्भ का साकार रूप बना। डिजिटल अनुभूति केंद्र ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को एआई, वर्चुअल रिएलिटी और होलोग्राम की आधुनिकतम तकनीकि से सनातन आस्था की प्राचीनतम पौराणिक गाथाओं और मान्यताओं से परिचित करवाया। डिजिटल अनुभूति केंद्र ने विशेष रूप से युवा और विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया। महाकुम्भ के दौरान महामहिम राष्ट्रपति, भूटान नरेश समेत अब तक लगभग 3.5 लाख से अधिक श्रद्धालु डिजिटल अनुभूति केंद्र के साक्षी बने।

**3.5 लाख दर्शकों से हुई 1.75 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति**

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं जो कि सनातन संस्कृति के प्रति आस्था के सतत प्रवाह का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऐसे में सीएम योगी की प्रेरणा से मेला क्षेत्र के सेक्टर-4 में बना डिजिटल अनुभूति केंद्र आस्था और आधुनिकता के अद्भुत संगम के तौर पर उभरा। डिजिटल अनुभूति केंद्र महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र साबित हुआ। महाकुम्भ के दौरान डिजिटल अनुभूति केंद्र में अब तक 3 .5 लाख से अधिक लोगों ने महाकुम्भ और सनातन संस्कृत के महात्म का आधुनिक तकनीकि के जरिये दिव्य भव्य नजारा देखा। यही नहीं अनुभूति केंद्र से लगभग 1.75 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति भी हुई। युवा पीढ़ी और विदेशी पर्यटकों को देश की प्रचीन सनातन संस्कृति से परिचित करवाने में डिजिटल अनुभूति केंद्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**महामहिम राष्ट्रपति ने सराहा डिजिटल अनुभूति केंद्र के प्रयास को**

महाकुम्भ के दौरान महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्य के विशेष अतिथि भूटान नरेश जिग्मे खेसर नाम्ग्याल ने भी डिजिटल अनुभूति केंद्र का अनुभव लिया और इसे सराहा। 12 वीथियों में बना डिजीटल अनुभूति केंद्र ने एआई, वीआर और होलोग्राम जैसी आधुनिकतम तकनीक के जरिये महाकुम्भ, समुद्र मंथन, यमुना नदी, प्रयाग महात्म की पौराणिक कथाओं को दिव्य भव्य तरीके से प्रस्तुत किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 9 जरवरी को अनुभूति केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर इसे आस्था और आधुनिकता का संगम कहा था। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में आने वाली हमारी भावी पीढ़ी को अनुभूति केंद्र का अनुभव अवश्य लेना चाहिए। इसमें उन्हें प्राचीन भारत की गौरवशाली परंपरा की झलक मिलेगी, इसके माध्यम से वे सनातन संस्कृति के प्रति अपनी समझ और आस्था को और बढ़ा सकेंगे। डिजिटल अनूभूति केंद्र सीएम योगी की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरा और लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को दिव्य-भव्य महाकुम्भ का अनुभव प्रदान किया।

# महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व पर पवित्र स्नान के लिए जुटने लगे विदेशी श्रद्धालु



- **ब्राजील से आया शिव भक्तों का जत्था, महा शिवरात्रि में पुण्य की डुबकी लगाने पहुंचा महाकुम्भ**
- **तन पर भोले भंडारी के टैटू गुदवाए शिव भक्ति की मस्ती में डूबे हैं विदेशी मेहमान**
- **आगमन के साथ महाकुम्भ भ्रमण कर दिव्य अनुभूति को बताया जीवन का अनमोल अवसर**

♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भनगर।**

महाकुम्भ के आखिरी के स्नान पर्व महा शिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं के कई समूह महाकुम्भ नगर पहुंच गए हैं। ब्राजील से आया भगवान शिव के भक्तों का एक ग्रुप भी महा शिवरात्रि के स्नान पर्व की बाट जोह रहा है। जिस दिव्यता और भव्यता के साथ प्रयागराज महा कुम्भ की शुरूआत हुई, समापन भी उसी अंदाज में होने जा रहा है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में संगम में मुक्ति की डुबकी लगाने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं का जमावड़ा फिर महाकुम्भ में होने लगा है। ब्राजील से महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने के लिए दो दर्जन से अधिक ब्राजीली युवाओं का एक ग्रुप पहुंच चुका है। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है ये सभी युवा लॉर्ड शिवा की भक्ति धारा से जुड़े हुए हैं । इसमें ज्यादातर रियो दि जनेरियो और साओ पाउलो शहर से हैं जहां शिव मंदिर भी हैं। लॉर्ड शिवा से प्रेरित होने की वजह से इन्होंने महा शिवरात्रि पर्व को चुना है जहां 12 वर्षों के बाद महाकुम्भ का विशेष अवसर आया है।

**तन पर भगवान शिव के प्रतीकों का श्रृंगार और मन में भोले बाबा की भक्ति की मस्ती**

ब्राजील के यूथ में धार्मिक पर्यटन का खासा क्रेज माना जाता है। भारत और एफ्रो-ब्राजील परंपराओं के बीच कुछ समानताएं इन्हें महाकुम्भ खींच लाई है। ब्राजीली ग्रुप के सदस्य पाओ फेलिपे का कहना है कि ग्रुप में अधिकतर युवा लार्ड शिवा के फॉलोवर हैं। सभी के शरीर में लॉर्ड शिवा के विभिन्न प्रतीकों को टैटू के रूप में स्थान दिया गया है। कानों में त्रिशूल की आकृति के चंद्राकार कुंडल और पूरे बदन में शिव जी के प्रतीक डमरू और महाकाल की आकृतियां इन्हें अलग पहचान प्रदान कर रही हैं। ग्रुप की महिला सदस्य इसाबेला बताती है कि ब्राजील में कयापो समुदाय की संस्कृति से इसके यूथ प्रभावित हैं जिसमें शरीर में प्रतीकों को गुदवाने की परम्परा है।

**महाकुम्भ के दिव्य और भव्य आयोजन ने किया आकर्षित**

ब्राजीली युवाओं का यह ग्रुप हर साल महा शिवरात्रि में बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी आता रहा है लेकिन इस बार प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन की दुनिया के कोने कोने में चर्चा से ये लोग प्रयागराज आए हैं। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है कि महा कुम्भ की दिव्य अनुभूति से सभी लोग अभीभूत हैं इसलिए सभी लोगों ने महाशिव रात्रि का स्नान महा कुम्भ की त्रिवेणी की पवित्र धारा में करने का फैसला किया है।

## प्रयागराज में संत गाडगे जी महाराज की 149वीं जयंती पर आयोजित समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

# स्वच्छता के जननायक थे संत गाडगे, उनकी प्रेरणा हमारा मार्गदर्शन करती है





- **बोले योगी- सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जातिवाद, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ चलाया था जनजागरण**
- **संत गाडगे के संदेश को प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया आगे, आज वैश्विक आंदोलन बन चुका है 'स्वच्छता अभियान' : योगी**
- **मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज में स्वच्छता और सुव्यवस्था के लिए प्रयागराजवासियों के प्रति जताया आभार**
- **सीएम योगी ने संत गाडगे की 150वीं जयंती को अगले वर्ष और भी भव्य रूप से मनाने का लिया संकल्प**



♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भनगर।**

राष्ट्रसंत परम पूज्य गाडगे जी महाराज की 149वीं जयंती पर रविवार को महाकुम्भ नगर के सेक्टर 1 स्थित गंगा पंडाल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत गाडगे जी को नमन करते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ व्यापक जनजागरण कर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाडगे जी महाराज का जीवन समाज में जागरूकता और सुधार लाने का प्रेरणास्त्रोत रहा है। वे जहां भी जाते, कीर्तन के माध्यम से शिक्षा और स्वच्छता का संदेश देते और अपने साथ झाड़ू रखकर स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित करते। उन्होंने कहा कि गाडगे जी कहते थे कि ईश्वर का वास वहीं है, जहां स्वच्छता है। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छता अभियान की शुरूआत की, जो आज वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

**स्वच्छता अभियान बना वैश्विक आंदोलन**

सीएम योगी ने कहा कि संत गाडगे जी ने एक सदी पहले स्वच्छता का जो संदेश दिया था, वही आज प्रेरणा बनकर करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों घरों में शौचालय बनाए गए, जिससे नारी गरिमा की रक्षा हुई और बीमारियों से बचाव संभव हुआ। उन्होंने प्रयागराज की जनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाकुम्भ के आयोजन में शहर ने स्वच्छता और सुव्यवस्था की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में जाम की स्थिति नहीं है और यहां की जनता ने महाकुंभ को अपना आयोजन मानकर अतिथि सेवा का जो भाव दिखाया है, वह सराहनीय है।

**अगले वर्ष 150वीं जयंती होगी और भव्य**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगले वर्ष संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती को और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है और स्वच्छता के इस संदेश को और अधिक विस्तार देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधान परिषद् सदस्य सुरेन्द्र चौधरी की इस बात के लिए विशेष सराहना की कि उन्होंने संत गाडगे जी की 149वीं जयंती के अवसर पर इतना विशाल आयोजन आयोजित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर आयोजित यह समारोह न केवल स्वच्छता के महत्व को दोहराने का अवसर बना है, बल्कि सामाजिक सुधारों के प्रति जनचेतना को भी प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ है।

**समारोह में इनकी रही विशेष उपस्थिति**

इस अवसर पर जगद्गुरु सतुआ बाबा आश्रम के संत संतोषाचार्य जी महाराज, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, ज्वाला माता मंदिर के संत अशोक महाराज, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, विधान परिषद् सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा के कई पदाधिकारी और संत गाडगे जी महाराज के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रवण कुम्भ में वरिष्ठजनों को उपलब्ध कराए गए 1847 उपकरण

- **प्रदेश भर के निराश्रित वरिष्ठजनों को समाज कल्याण विभाग करा रहा है संगम स्नान**
- **महाकुम्भ क्षेत्र में बना है 100 बेड का अस्थायी वृद्धाश्रम**
- **स्वास्थ्य परिक्षण के लिए विभिन्न प्रदेशों के विशेषज्ञ डॉक्टर दे रहे हैं सेवाएं**
- **कान की मशीन, कमर की बेल्ट, छड़ी, व्हील चेयर आदि निःशुल्क प्रदान की जा रही**





♦भारत टाइम्स♦

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ**

प्रदेश सरकार वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य, सम्मान और सेवा के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग की पहल पर महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर-7 में वरिष्ठजनों के लिए श्रवण कुम्भ का आयोजन हो रहा है, जिसमे वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परिक्षण के उपरान्त उन्हें विभिन्न उपकरण निःशुल्क दिए जा रहे हैं। अभी तक 1847 उपकरण वरिष्ठजनों को निःशुल्क प्रदान किया गया है। जिसमे कान की मशीन, कमर की बेल्ट, घुटने की बेल्ट, छड़ी, व्हील चेयर, स्पाइनल सपोर्ट, कॉलर सर्फिकल शामिल हैं।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में परिक्षण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन और समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर महाकुम्भ क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग का शिविर संचालित हो रहा है। यहां तैनात समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक ए. के. सिंह ने बताया कि एम्स दिल्ली, झारखण्ड के अतिरिक्त पीजीआई लखनऊ और चंडीगढ़ के डॉक्टर श्रवण कुम्भ में अपनी सेवाएं दे रहे है। इसके साथ ही केरल, राजस्थान, कर्नाटक, राजस्थान, पंजाब से आये डॉक्टर भी मरीजों का निःशुल्क परिक्षण कर रहे हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए समाज कल्याण विभाग के पंडाल में ओपीडी का भी संचालन किया जा रहा है।

**अस्थायी वृद्धाश्रम का हो रहा है संचालन**

समाज कल्याण विभाग द्वारा कुम्भ क्षेत्र में एक 100 बेड के अस्थायी वृद्धाश्रम का भी संचालन किया जा रहा है, जिसमे विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रमों में निवास करने वाले निराश्रित वरिष्ठजनों को लाकर संगम स्नान कराया जाता है।

# कार्यक्रम का आरंभ शिव भगवान की स्तुति से किया

♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।**


रविवार को दीन दयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत केरला की कलाकार शिखा रमेश द्वारा कथक की प्रस्तुति हुई , आपने कार्यक्रम का आरंभ शिव भगवान की स्तुति से किया ' जिसके बोल भस्म भभूत शोहे अर्ध मोहिनी रूप उसके बाद सरगम की प्रस्तुति की और अंत में ठुमरी- डगर चलत देखो श्याम जो बिंदादिन महाराज जी द्वारा रचित है से कार्यक्रम का समापन किया ' कार्यक्रम का समन्वय रहा डॉ रत्नेश वर्मा का एवं कार्यक्रम का संचालन किया प्रेम नारायण मिश्र ने।इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ दीन दयाल हस्तकला संकुल परिवार की ओर से अजय श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। कलाकारों का स्वागत गोपेश मौर्य सहायक निदेशक हस्तकला संकुल द्वारा किया गया ।अंत में कलाकारों को प्रमाण पत्र प्रदान किया ' अजय श्रीवास्तव ने ।



## प्रयागराज में कांची कामकोटि पीठ द्वारा आयोजित महाकुम्भ मेला महोत्सव में शामिल हुए सीएम योगी

# विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके है महाकुम्भ में डुबकी

- **मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुम्भ में शंकराचार्य शंकर विजयेन्द्र सरस्वती का किया स्वागत**
- **कांची कामकोटि शंकराचार्य शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने की महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की सराहना**
- **बोले योगी, सनातन धर्म से जुड़े किसी भी आयोजन को प्रण-प्राण से जुटकर बनाएंगे सफल**
- **कांची कामकोटि का प्रभाव पूरे विश्व में सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करता है : सीएम योगी**
- **सरकार और जनता की सहभागिता से आयोजित हुआ इतना बड़ा महाआयोजन : शंकराचार्य**
- **सनातन संस्कृति ही है विश्व की आदर्श संस्कृति : शंकराचार्य**





♦भारत टाइम्स♦
**महाकुम्भ नगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुम्भ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज ह्यसतुआ बाबाह्न से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी। वहीं शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और 60 करोड़ से अधिक सनातनियों के महाकुम्भ में स्नान करने को भी सराहा।

### सनातन धर्म की मजबूती में कांची कामकोटि पीठ की अहम भूमिका: सीएम योगी

सीएम योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पूज्य पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण और अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं।

### 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई है महाकुम्भ में पावन डुबकी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में कोई ऐसा मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जहां निश्चित समय पर इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए एकत्र होते हों। महाकुम्भ सनातन धर्म की दिव्यता और विराटता का प्रतीक है।

### महाकुम्भ को भव्यता देने के लिए सरकार संकल्पबद्ध

सीएम योगी ने आश्वस्त किया कि सनातन धर्म और महाकुम्भ से जुड़े हर आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए उनकी सरकार संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से जुड़े किसी भी आयोजन के लिए हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे, जिससे यह आयोजन सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सके।₹

### शंकराचार्य ने की महाकुम्भ की सराहना

शंकराचार्य शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन सरकार और जनता की सहभागिता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति ही विश्व की आदर्श संस्कृति है और महाकुम्भ इसका जीवंत प्रमाण है। शंकराचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस बात के लिए भी सराहना की कि प्रयागराज के प्राचीन नाम को उन्होंने दोबारा स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कुम्भ राष्ट्र को दिशा देता है। चाहे श्रीराम मंदिर के निर्माण का अभियान हो या देश में सनातन धर्म को शक्ति देने वाली सरकार हो, कुम्भ राष्ट्र को मार्ग दिखाता है। शंकराचार्य ने महाकुम्भ को एकता का कुम्भ बताते हुए इसे अद्वैत कुम्भ कहा। इस अवसर पर श्री शंकरपुर पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्रीकृष्णानंद तीर्थ और महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज ह्यसतुआ बाबाह्न सहित बड़ी संख्या में संतगण उपस्थित रहे।

# जनसंख्या असन्तुलन व पलायन सनातन संस्कृति के लिए खतरा.कृष्णा नन्द पाण्डेय

♦भारत टाइम्स♦
**वाराणसी/मिजार्पुर –**

धरोहर संरक्षण सेवा संगठन द्वारा सनातन विस्तार के उद्देश्य को लेकर अनवरत चल रहे 'संस्कृति संवाद यात्रा' की बैठक का ( 29 वाँ पड़ाव ) आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज सिखड मिजार्पुर में आयोजित हुआ, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी श्री अभय शंकर त्रिपाठी ने किया। मुख्य वक्ता संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा जनसंख्या असंतुलन व पलायन सनातन समाज व राष्ट्र की आज एक बहुत बड़ी समस्या है हर सनातनी को आज इस समस्या के बारे में गम्भीरता से चिंतन करने की जरूरत है जिस समाज का जन्मदर ढाई प्रतिशत से कम हो जाता है वह सभ्यता समाप्त हो जाती है, आज सनातन समाज का जन्मदर एक दशमलव छिहत्तर है जो अत्यंत चिन्ता का विषय है इसको नहीं बढ़ाया गया तो सनातन सभ्यता समाप्त हो जाएगी, जो मानवता व राष्ट्र के लिए घातक है,सनातन समाज व राष्ट्र को आघात से बचाने के लिए हर सनातनी को सनातन विस्तार योद्धा बनना होगा,ग्रामीण क्षेत्रों ,पहाड़ो, जंगलों सीमावर्ती क्षेत्रों व मुस्लिम मुहल्लों के आस पास से हिंदुओं के पलायन से जनसंख्या असंतुलन बहुत तेजी से हो रहा है जनसंख्या असंतुलन व पलायन रोकने के लिए हमे सनातन शिक्षा पद्धति अपनाना होगा जो कहती है, ह्लजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसेह्व वक्ताओं में आशीष पाठक ने कहा किसी राष्ट्र की संस्कृति उस राष्ट्र की प्राण होती है जहाँ हमारी संस्कृति कमजोर हुई वो भू भाग इस राष्ट्र से अलग हो गया,सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए सनातन संस्कृति को जानना होगा, यह संभव तभी होगा जब हम वेद, पुराणो, और अपने धर्म ग्रंथों का अध्ययन अपनी दिन चर्या मे लायेंगे ।






राजन दूबे ने कहा संस्कृति विस्तार से ही हर सनातनी को गर्व की अनुभूति होगी,इसके लिए हर व्यक्ति को सनातन विस्तार योद्धा बनना होगा,अपने आत्मगौरव की रक्षा व विस्तार के लिए सनातन संस्कृति के केन्द्र मन्दिरो को दिव्य स्वरूप मे लाना होगा। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सर्वश्री नीरज पाण्डेय,डॉ.चंद्र देव पटेल,राजेश मिश्र ज्योती,सत्यम यादव,दिलीप पाण्डेय, अशोक गुप्ता,राजेश पाण्डेय जितेंद्र प्रजापति,सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का आयोजन अभय राज मिश्र,ने किया, कुशल संचालन गौरव मिश्र ने किया, कार्यक्रम का समापन सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ से हुआ ।

## नारायणपुर में इस बदलाव के लिए विजेताओं को प्रणाम – केदार कश्यप

♦भारत टाइम्स♦
**नारायणपुर छत्तीसगढ़**
**(गोलू मरकाम )**

समग्र श्रेणी और कृषि एवं संबद्ध सेवाओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नारायणपुर जिला के प्रतिभागियों को नीति आयोग के द्वारा ?10 करोड़ का पुरस्कार दिया गया है। जिसे लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं वनमंत्री केदार कश्यप ने प्रसन्न जहीर की है। केदार कश्यप ने इस बदलाव के लिए किसानों के समूह को बधाई देते हुए कहा कि विष्णुदेव साय सरकार में मेरा विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर प्रगति का प्रतीक बनकर उभरा है, जिसने व्यापक विकास को बढ़ावा दिया है और विभिन्न क्षेत्रों में जीवन को बदल दिया है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम (अऊ्ढ) के तहत अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिए पहचाने जाने वाले नारायणपुर को समग्र श्रेणी और कृषि एवं संबद्ध सेवाओं में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के



लिए ?10 करोड़ का पुरस्कार दिया गया है। जो की हम सबके लिए गौरव का विषय है।

स्थायी कृषि पद्धतियों, बेहतर आजीविका अवसरों और उन्नत बुनियादी ढाँचे के विकास पर जोर देते हुए, जिला समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा है। लक्षित विकास के पहल, नए आर्थिक अवसर पैदा कर रही हैं, स्थानीय क्षमताओं को मजबूत कर रही हैं और विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक प्रगति को बढ़ावा दे रही हैं।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह पुरस्कार नारायणपुर के किसानों को अभिनव हस्तक्षेपों को बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करने और अपने लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में सक्षम बनाएगा। समावेशी शासन और समुदाय-संचालित समाधानों के प्रति जिले की प्रतिबद्धता व्यापक और सतत विकास के लिए नए मानक स्थापित कर रही है।

नीति आयोग नारायणपुर के परिवर्तनकारी विकास के प्रति समर्पण और विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली बदलाव लाने के उसके प्रयासों का समर्थन कर रही है यह मेरे लिए और मेरी सरकार के लिए प्रसन्नता का विषय है जो केवल छत्तीसगढ़ ही नही पूरे भारत के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# अबूझमाड़ ( ओरछा ) के सुदूर ग्रामों में पहली बार हुआ मतदान



- **ग्रामीणों में दिखा लोकतंत्र के प्रति उत्साह, भारी संख्या में पहुंचे मतदाता**
- **कस्तूरमेटा (कोडोली), मोहंदी (कुतुल), पांगुड़ और गारपा में पहली बार डाले गए वोट**

♦भारत टाइम्स♦
**नारायणपुर छत्तीसगढ़**
**(गोलू मरकाम )**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तृतीय चरण में आज ओरछा विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मतदान संपन्न हुआ। इस चरण में पहली बार अबूझमाड़ के कस्तूरमेटा (कोडोली), मोहंदी (कुतुल), पांगुड़ और गारपा जैसे सुदूर अंचलों में मतदान कराया गया। इसके साथ ही कुंदला, नेड़नार, धुरबेड़ा सहित अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में भी मतदान केंद्र बनाए गए, जहां पहली बार कई मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्रामीणों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्रों पर पहुंचे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण और सुचारु मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। पहली बार मतदान करने वाले ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया, जिन्होंने अपने वोट के जरिए लोकतांत्रिक प्रणाली में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 : कलेक्टर और सीईओ ने ओरछा विकासखंड के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

- **मतदान प्रक्रिया और व्यवस्थाओं का लिया जायजा, शांतिपूर्ण निर्वाचन के निर्देश**

♦भारत टाइम्स♦
**नारायणपुर छत्तीसगढ़**
**(गोलू मरकाम )**

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतिम चरण में ओरछा विकासखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों गोमे, कोंगे, आदनार, कंदाड़ी और कुन्दला का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिष्ठा ममगाईं और जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर आकांक्षा शिक्षा खलखो ने निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



कलेक्टर ममगाईं और सीईओ खलखो ने सबसे पहले कंदाड़ी मतदान केंद्र क्रमांक 07 का निरीक्षण किया, जहां कुल 798 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 405 पुरुष और 393 महिलाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। इसके बाद उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 35 गोमे का निरीक्षण किया, जहां 307 मतदाता (142 पुरुष और 165 महिलाएं) अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। आदनार मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए मतदान अधिकारियों ने जानकारी दी कि यहां कुल 242 मतदाता हैं, जिनमें 142 पुरुष और 100 महिलाएं शामिल हैं। कलेक्टर ने मतदान प्रक्रिया को बारीकी से देखा और मतदाताओं से बातचीत कर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने मतदान अधिकारियों को निर्देश दिया कि दोपहर 2 बजे तक लाइन में लगे सभी मतदाताओं को पर्ची देखकर मतदान सुनिश्चित कराएं।

कलेक्टर और सीईओ ने कुन्दला मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां मतदान अधिकारियों ने जानकारी दी कि अब तक 303 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। कलेक्टर ममगाईं ने मतदान समाप्ति के बाद दोपहर 2 बजे से मतगणना शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो सके। ओरछा विकासखंड में कुल 21,437 मतदाता हैं, जिनमें 10,629 पुरुष और 10,808 महिलाएं शामिल हैं। इस चरण में विकासखंड के 31 मतदान केंद्रों को शिफ्ट किया गया है। पंच पद के कुल 393 में से 358 पदों पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि शेष 35 पदों के लिए मतदान कराया गया। इसी तरह, सरपंच पद के 36 में से 13 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जबकि 23 पदों के लिए मतदान हुआ। जनपद सदस्य के 11 पद और जिला पंचायत सदस्य के 3 पदों के लिए भी मतदान कराया गया।

संपादकीय

# लोगों की कमाई पर बैंक से ही खतरा, सख्ती के बावजूद 122 करोड़ का गबन

सहकारी बैंकों में अपनी गाढ़ी कमाई जमा करना अब लोगों के लिए जोखिम भरा हो गया है। निम्न और मध्यम आयवर्ग के लोग अपनी जरूरतों में कटौती कर बेटी की शादी या बच्चों की शिक्षा के लिए इस भरोसे से अपनी छोटी पूंजी जमा करते हैं ताकि समय आने पर उसका सदुपयोग करेंगे। मगर सहकारी बैंकों में जिस तरह आए दिन गबन और घोटाले सामने आ रहे हैं, उससे उनका विश्वास डगमगा गया है।

यह सच्चाई है कि इन बैंकों से कर्ज लेकर कुछ शातिर गायब हो जाते हैं और कभी-कभी तो प्रबंधक ही धांधली कर गरीबों की जमाराशि डकार जाते हैं। रिजर्व बैंक की सख्ती के बावजूद सहकारी बैंक अपने आय-व्यय ब्योरे में गड़बड़ियां करते हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? मुंबई में न्यू इंडिया को-आपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपए के गबन के बाद एक बार फिर यह साबित हुआ है कि सहकारी बैंकों में पैसा सुरक्षित नहीं है। हालांकि रिजर्व बैंक ने कड़े कदम उठा कर और कई पाबंदियां लगा कर संकेत दिया है कि वह ऐसे मामलों को बर्दाश्त नहीं करेगा और उसे बैंक ग्राहकों की चिंता है। कोई दो मत नहीं कि अब इन बैंकों में पारदर्शिता और विश्वसनीयता कायम करना आवश्यक है।

चिंता की बात है कि सहकारी बैंकों में एक के बाद एक घोटाले हो रहे हैं। ये बैंक अपने बड़े कारोबार दर्शा कर आम नागरिकों को पैसे जमा करने और अधिक ब्याज का प्रलोभन देते हैं। हालांकि इन बैंकों के नियमन और निगरानी की व्यवस्था है, फिर भी इनके संचालन से जुड़े कर्मचारी और प्रबंधक अनियमितताएं तथा गबन कर सहकारी भावना को ठेस पहुंचाते हैं।

### इससे पहले भी पड़ककर चुकी है कार्रवाई

यह पहली बार नहीं, जब रिजर्व बैंक ने इतनी बड़ी कार्रवाई की है। इससे पहले वर्ष 2019 में भी पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव बैंक में घोटाले सामने आने पर केंद्रीय बैंक ने कई पाबंदियां लगाई थीं। बाद में उस बैंक का अधिग्रहण कर लिया गया था। मगर सवाल यह है कि तमाम सख्तियों के बावजूद सहकारी बैंकों में अनियमितताएं क्यों बढ़ रही हैं। यह तो ग्राहकों के भरोसे के साथ बैंकों का विश्वासघात ही है।




## आज का राशिफल

**मेषः** आज मेष राशि के सितारे अनुकूल चल रहे हैं आपको आज सरकारी क्षेत्र से लाभ मिलेगा और आप मान सम्मान भी हासिल कर पाएंगे। आज आप लोन लेने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो आप अपने प्रयास में आज सफल होंगे। आज शाम के समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे मित्र से होगी जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। आज आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती करते हुए शाम बिताएंगे। आपको आज बिजनेस में भी लाभ मिलेगा। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**वृषभ :** वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज आप जिन कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। लेकिन ध्यान रखें, जल्दबाजी में कोई काम न करें। अगर आज आप अपना पैसा कहीं निवेश करने की योजना बनाते हैं तो यह आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज आप अपने कारोबार में हो रहे लाभ से उत्साहित और संतुष्ट रहेंगे। वाणी की मधुरता बनाए रखें, अन्यथा आपके अपने नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टि से खचीर्ला रहेगा। अगर आपको कोई शारीरिक समस्या है तो आज आपकी परेशानी बढ सकती है। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को आज सफलता पाने के लिए अधिक प्रयास करना होगा। आपके ऊपर आज पारिवारिक कार्यों के साथ कार्यक्षेत्र की भी जिम्मेदारी रहेगी। बच्चों की शिक्षा को लेकर चिंतित होंगे।

**कर्क :** कर्क राशि के लिए आज का दिन शुभ और लाभदायक रहेगा। कोई नया व्यवसाय शुरू करेंगे तो उसमें भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अपने ससुराल पक्ष से लाभ मिलने का योग है। आज आपको अपने माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने की जरूरत होगी। सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। आपको आज किसी पर अधिक भरोसा करने से बचना होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज अपने काम के प्रति अधिक सजग रहना होगा। आप किसी भी व्यक्ति पर अधिक भरोसा करके लेन-देन न करें, नहीं तो आपको आज नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसी मित्र से आपको आज सहयोग मिलने से खुशी होगी और आपका मन आज भावुक होगा। अगर आपको आंखों से जुड़ी कोई समस्या है तो आपकी परेशानी बढ सकती है, अधिक देर तक मोबाइल या स्क्रीन पर नजर टिकाने से बचें।

**कन्या :** कन्या राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको नौकरी में कोई ऐसा काम सौंपा जा सकता है जिसको पूरा करने के लिए आपको आज टीम वर्क से काम करना होगा। आज आपके अंदर आत्मविश्वास की भावना रहेगी और इसके परिणाम भी बेहद शुभ और सकारात्मक रहेंगे। अगर आपका अपने जीवनसाथी से कोई तनाव या विवाद चल रहा है तो इसमे आप आज सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आज आपको बिना मांगे किसी की भी मदद के लिए आगे आने से बचना होगा। छात्रों को पढाई पर फोकस करना होगा।

**तुला :** तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपके परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का संयोग बन सकता है। अगर आज आपको कोई नया निवेश करना है तो बहुत सोच-समझकर करें। आपको अपनी संतान की ओर से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। भाई बहनों से भी आपको आज सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से आपका प्रभाव बढेगा। अगर आपका संपत्ति संबंधी कोई विवाद लंबे समय से चल रहा है तो आज उसमें आपको जीत मिल सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपके मन में आज एक अजीब सी बेचैनी रह सकती और आप वैचारिक उलझन में रहेंगे। पारिवारिक जीवन में आपको आज तालमेल बनाकर रहना होगा। आपको कोई ऐसी बात सुनने को मिल सकती है जिससे आपका मन परेशान हो सकता है। वैसे दिन के दूसरे भाग में आपकी समस्या का कुछ न कुछ निदान निकल आएगा। घर के बड़ों से आपको आज सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आप संयम और अनुभव का लाभ पाने में सफल होंगे।

**धनु :** धनु राशि के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आपको अपनी बुद्धि और विवेक से लिए गए निर्णय का लाभ मिलेगा। अगर आज आप अपने व्यापार के लिए कुछ योजना बनाएंगे तो आपको आज इसमें सफलता मिलेगी। आज आप अपने परिवार के सदस्यों से सहयोग और स्नेह पा सकेंगे। आपको आज पिता और घर के वरिष्ठों से सहयोग मिलेगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन लाभदायक है, कोई मूल्यवान वस्तु मिलने से आपको खुशी होगी। बच्चे की शिक्षा और उनके करियर को लेकर आपको आज अधिक सजग रहना होगा और उनकी मदद भी करनी होगी। आज आपको अपने ससुराल पक्ष से लाभ और सहयोग मिल सकता है। नौकरीपेशा जातक आज किसी नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं।

**कुंभ :** कुंभ राशि के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आपको आज अपनी सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। आपको अपने खान-पान पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आज आपका कोई रिश्तेदार आपके लिए चिंता और परेशानी का कारण बन सकता है, भावुकता से आपको आज


# बॉलीवुड के अनकहे किस्से: फिल्म शहीद, मनोज कुमार और प्राण

हालांकि बजट कम होने के कारण ज्यादातर नए सितारों के साथ फिल्म शुरू की गई थी। तब प्राण एक बड़े खलनायक थे और लोग उन्हें देखने सिनेमाघरों पर टूटते थे। उनको ध्यान में रखकर मनोज कुमार ने एक काल्पनिक किंतु एक महत्वपूर्ण पात्र केहर सिंह की रचना की थी। केवल कश्यप ने जब इस भूमिका के बारे में प्राण से बात की तो कम पैसे की वजह से उन्होंने भूमिका करने से इनकार कर दिया। तब मनोज कुमार जो उनके साथ दो बदन फिल्म कर चुके थे, किसी अन्य फिल्म के सेट पर मिले तो उन्होंने यह बताया कि यह छोटी-सी भूमिका उनके लिए कितनी महत्त्वपूर्ण साबित होगी क्योंकि यह उनको ध्यान में रखकर विशेष तौर पर लिखी गई है और अगर वह इसे नहीं करेंगे तो वह इसे फिल्म से ही निकाल देंगे। तब प्राण तैयार हो गए और सच में डाकू केहर सिंह की यह भूमिका उनके लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हुई। शहीद की शूटिंग लुधियाना के एक वास्तविक जेल में हुई थी। प्राण इस जेल में सत्याग्रहियों के साथ ही बंद थे लेकिन सर्वाधिक उग्र कैदी थे जो अपनी फांसी के दिन का इंतजार करते हुए जेल में हर रोज कुछ न कुछ उपद्रव फैलाते रहते हैं। मदन पुरी जेलर की भूमिका में थे। भगत सिंह के बारे में सुनकर उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है।

अजय कुमार शर्मा

1940 के दशक की बात है। पुरानी दिल्ली में छठी कक्षा के कुछ छात्रों ने घर की चादरों से पर्दों का और चारपाइयों से कुर्सियों का काम निकाल कर एक नाटक करने का निर्णय लिया। नाटक का नाम था शहीद भगत सिंह। इसमें भगत सिंह की भूमिका करने वाला छात्र लोगों की भीड़ देखकर सहम गया और परदे के पीछे दूसरे काम करने लगा। भरपूर ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरे इस लड़के ने सहपाठियों द्वारा मजाक उड़ाने के बावजूद अभिनेता बनने के अपने फैसले को नहीं बदला। छात्रों के इसी समूह में एक किशोर की पत्रकारिता में गहरी रुचि थी। इन दोनों में अच्छी दोस्ती हो गई और कुछ वर्षों बाद दोनों फिल्म जगत में काम और नाम कमाने के लिए बंबई चले गए। यह दोनों थे भगत सिंह यानी मनोज कुमार और पत्रकारिता में रुचि रखने वाले केवल कश्यप।

कुछ समय प्रोडक्शन अस्सिटेंट और छोटी-छोटी भूमिकाओं में अभिनय करना शुरू कर नायक बनने तक मनोज कुमार और कुछ फिल्मी सितारों के प्रचारक बनने से लेकर निमार्ता बनने तक केवल कश्यप एक दूसरे के संपर्क में रहे और जब इस लायक हो गए कि वह फिल्म बना सकें तो तय किया गया कि फिल्म भगत सिंह पर ही बनाई जाए। शीर्षक रखा गया ₹शहीद।₹ काफी मेहनत और रिसर्च के बाद मनोज कुमार ने कहानी लिखी। इसके लिए बिना पैसे की परवाह किए वह उस हर व्यक्ति से मिले जो तब जीवित था और किसी भी तरीके से भगत सिंह के संपर्क में रहा था। यहां तक वे भगत सिंह के भाई और उनकी मां जो उस समय 81 वर्ष की अवस्था में भी सक्रिय थीं, उनसे पंजाब जाकर मिले और काफी नई जानकारी प्राप्त कीं। केवल कश्यप ने फिल्म बनाने के लिए अपनी संपत्ति पर बैंक का कर्जा लिया। अपनी फिएट गाड़ी भेज दी और सारे पैसे इस फिल्म के निर्माण में लगा दिए। लेकिन किसी को उनकी फिल्म की सफलता पर भरोसा नहीं था क्योंकि उससे पहले 1952 में प्रदर्शित फिल्म जिसमें प्रेम अदीब ने भगत सिंह की भूमिका की थी और दूसरी फिल्म शहीद भगत सिंह जो 1963 में प्रदर्शित हुई थी और इसमें शम्मी कपूर ने भगत सिंह की भूमिका की थी, फ्लॉप हो चुकी थीं। लेकिन इन दोनों को अपनी रिसर्च और स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा था।




हालांकि बजट कम होने के कारण ज्यादातर नए सितारों के साथ फिल्म शुरू की गई थी। तब प्राण एक बड़े खलनायक थे और लोग उन्हें देखने सिनेमाघरों पर टूटते थे। उनको ध्यान में रखकर मनोज कुमार ने एक काल्पनिक किंतु एक महत्वपूर्ण पात्र केहर सिंह की रचना की थी। केवल कश्यप ने जब इस भूमिका के बारे में प्राण से बात की तो कम पैसे की वजह से उन्होंने भूमिका करने से इनकार कर दिया। तब मनोज कुमार जो उनके साथ दो बदन फिल्म कर चुके थे, किसी अन्य फिल्म के सेट पर मिले तो उन्होंने यह बताया कि यह छोटी-सी भूमिका उनके लिए कितनी महत्त्वपूर्ण साबित होगी क्योंकि यह उनको ध्यान में रखकर विशेष तौर पर लिखी गई है और अगर वह इसे नहीं करेंगे तो वह इसे फिल्म से ही निकाल देंगे। तब प्राण तैयार हो गए और सच में डाकू केहर सिंह की यह भूमिका उनके लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हुई।

शहीद की शूटिंग लुधियाना के एक वास्तविक जेल में हुई थी। प्राण इस जेल में सत्याग्रहियों के साथ ही बंद थे लेकिन सर्वाधिक उग्र कैदी थे जो अपनी फांसी के दिन का इंतजार करते हुए जेल में हर रोज कुछ न कुछ उपद्रव फैलाते रहते हैं। मदन पुरी जेलर की भूमिका में थे। भगत सिंह के बारे में सुनकर उसका हृदय परिवर्तन हो जाता है। उसे इस बात पर हैरानी होती है कि उसके जैसे अपराधी और भारत माता के सपूत भगत सिंह को एक जैसी सजा कैसे दी जा सकती है यानी फांसी की सजा। अंतिम दृश्य में जब केहर सिंह को फांसी के लिए ले जाया जा रहा है तब वह भगत सिंह से मिलने की इच्छा प्रकट करता है और उससे कहता है कि मैं ऊपर जा रहा हूं और भगवान से पूछूंगा कि तुम्हारी दुनिया में यह क्या हो रहा है? भगत सिंह और केहर सिंह दोनों से एक जैसा बर्ताव। अंत में किसी नेक व्यक्ति से हाथ मिलाने की बात वाला दृश्य बहुत भावुक करने वाला है। क्योंकि दोनों के हाथ बंधे थे तो दोनों एक-दूसरे की ओर पीठ करके हाथ मिलाते हैं। फांसी के तख़्ते की और जाते-जाते वह आंखों में आंसुओं और रुंधे गले से दूसरे कैदियों से कहते है मेरे बच्चों यानी भगत सिंह और उनके साथियों का ख्याल रखना...। बाद में प्राण ने इस किरदार को हमेशा अपना सबसे शक्तिशाली किरदार माना। इस फिल्म में प्राण परदे पर केवल 5 मिनट ही रहे थे लेकिन इस किरदार से अच्छे व्यक्ति का रोल करने की उनकी काबिलियत सबके सामने आ गई थी। शहीद की टीम ने सभी को आश्चर्यचकित करते हुए बहुत नाम और पैसा कमाया।

1 जनवरी 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म के प्रीमियर में लाल बहादुर शास्त्री जो बहुत कम समय के लिए आए थे, लेकिन फिर पूरे तीन घंटे बैठकर इस फिल्म को देखकर गए। इस फिल्म को उस साल के तीन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। श्रेष्ठ कहानी के लिए ऑल इंडिया सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट। श्रेष्ठ हिंदी फिल्म के लिए राष्ट्रपति द्वारा रजत पदक और राष्ट्रीय एकता पर श्रेष्ठ फिल्म के लिए ?20,000 नगद । इस फिल्म को सबसे बड़ा पुरस्कार तब मिला जब भगत सिंह की मां ने लुधियाना में इस फिल्म को देखा और इसको अपने बेटे पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया। फिल्म के क्रेडिट्स में फिल्म के निर्देशक के रूप में एस राम शर्मा का नाम गया था लेकिन सब जानते हैं इस फिल्म को निर्देशन मनोज कुमार ने ही किया था। अपनी रिसर्च के दौरान मनोज कुमार को भगत सिंह के बारे में दो अनजाने तथ्य प्राप्त हुए थे जिनमें से वह केवल एक को अपनी फिल्म में इस्तेमाल कर सके। पहला तथ्य यह था कि भगत सिंह का वास्तविक नाम भाग्य था क्योंकि जिस दिन उनका जन्म हुआ था उसी दिन उनके स्वतंत्रता संग्रामी चाचा और भाई जेल से रिहा हुए थे अतः उनके दादा ने उन्हें भाग्यशाली समझकर उनका नाम भाग्य रखा था। दूसरा हृदय स्पर्शी तथ्य यह था कि जिस लड़की से भगत सिंह का विवाह होने वाला था उसे किसी कारणवश मजबूर होकर किसी और से विवाह करना पड़ा। 23 मार्च 1931 को जिस दिन भगत सिंह को फांसी हुई उसी दिन अचानक उसके पति का भी देहांत हो गया। तब उसने भगत सिंह की मां से रोते हुए कहा था, यदि मेरे भाग्य में विधवा होना ही लिखा था तो भगत सिंह की विधवा होना ही गौरव की बात थी।

# युद्ध के प्रति भारतीय तटस्थता नहीं, बल्कि शांतिपरक पक्षधरता को ऐसे समझिए

भारत से मित्रता के चलते अब उसका भी स्वभाव बदल रहा है। जबकि चीन ऐसा करने को राजी नहीं है। अपने साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा वश चीन अभी जो दुनियावी तिकड़म बैठा रहा है, देर-सबेर उस पर ही भारी पड़ेंगी, क्योंकि भारत की नीतियां ही ऐसी परिपक्व हैं। वहीं, यह भी कड़वा सच है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस ने अब तक जो कुछ भी किया है, वह अमेरिकी रणनीतियों से अपने बचाव में किया है या फिर उसे संतुलित रखने के लिए किया है। जबकि चीन जो कुछ भी कर रहा है, वह उसकी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा है।

कमलेश पांडेय

चाहे 'वैश्विक युद्ध' की आशंका की बात हो या विभिन्न देशों के बीच जारी 'द्विपक्षीय युद्ध' की, भारत ने साफ कर दिया है कि वह ऐसे किसी भी मामले में तटस्थ नहीं, बल्कि शांति का पक्षधर है। बता दें कि अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि ₹रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है।₹ इसलिए दुनियादारी के निष्णात लोग 'ह' से 'हलंत' तक की अटकलें लगा रहे हैं और उनके इस वक्तव्य के अंतरराष्ट्रीय मायने निकाले जा रहे हैं। ऐसा इसलिए कि इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की आशंका, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है।

वैसे दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बंगलादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिन्दू/भारत विरोधी हरकतों को नजरअंदाज करते हुए सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी। उसके बाद 1965 और 72 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाया। 1999 में भी उसने कारगिल में छद्म युद्ध छेड़ा और बुरी तरह से पीटा। उसके इशारे पर थिरकने वाले बांग्लादेश की भी कुछ ऐसी ही नियति है।

उधर, 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को प्रोत्साहन देता आया है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बांग्लादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं, इस वास्ते किसी भी हद तक गुजर जाने के लिए तत्पर रहते हैं और विदेशी ताकतों की हाथों में खेलते रहते हैं। भारत इसे बखूबी समझता है। वह इन दोनों देशों में निरंतर ब्रेक के बाद जारी हिंदुओं के दमन-उत्पीड़न और हत्याओं के बावजूद इन्हें क्षमा करता आया है, ताकि इनकी सांप्रदायिक फितरत बदलते।

इतना ही नहीं, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर जब आप गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद आपको देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया। वहीं, दुनियावी मंचों पर अमेरिका, सोवियत संघ (अब रूस), चीन आदि के मामलों में भी न तो किसी का पक्ष लिया, न किसी का विरोध किया। इन बातों का सीधा संदेश है कि जो शांति का दुश्मन है, वो भारत का दुश्मन है।

इस नजरिए से यदि देखा जाए तो 'आतंकवाद' और उसको प्रोत्साहित करने वाले 'देश' या उनका गुट भी भारत के दुश्मन हैं। पूरी दुनिया में हथियारों की होड़ पैदा करके एक दूसरे पर कोहराम मचाने वाले देश या उनके संरक्षक भी भारत के दुश्मन हैं। इस वजह से भी भारत हथियारों की होड़ में शामिल हो चुका है, क्योंकि लोहा को लोहा ही काटता है। भारत का बढ़ता रक्षा कारोबार भी उसके इसी नजरिए का द्योतक है। सवाल है कि समकालीन विश्व में शांति का दुश्मन कौन है? इसका जवाब होगा कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका भले 'चंद्रायण व्रत' करने का संकेत लगातार दे रहा है, लेकिन मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं उसकी नीतियां ही जिम्मेदार रही हैं। हालांकि, भारत से मित्रता के चलते अब उसका भी स्वभाव बदल रहा है। जबकि चीन ऐसा करने को राजी नहीं है। अपने साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा वश चीन अभी जो दुनियावी तिकड़म बैठा रहा है, देर-सबेर उस पर ही भारी पड़ेंगी, क्योंकि भारत की नीतियां ही ऐसी परिपक्व हैं।



# सर्दियों में स्टाइलिश तरीके से कैरी करें शॉल

**सर्दियों में जो लोग हमेशा फैशनेबल और स्टाइलिश दिखना पसंद करते है वे अपने विंटर स्टाइल को लेकर हमेशा कुछ नया करना चाहते है, अगर आप भी उन्हीं में से एक है तो हम आपको यहां कुछ विंटर फैशन टिप्स बता रहे जिन्हें अपनाकर आप सर्दियों के मौसम में एक बेहतरीन स्टाइलिश लुक में नजर आ सकती है।**

अक्सर महिलाएं ठंड से बचने के लिए सदाबहार शॉल की मदद लेती है, लेकिन हर बार एक ही तरह से शॉल को कैरी करना बोरिंग हो सकता है। आप चाहे तो अपनी शॉल के साथ कुछ प्रयोग कर एक अलग अंदाज में इसे ओढ़ सकती हैं। तो आइए जानते हैं शॉल्स को कैसे आप स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती है. अगर साड़ी या सूट पहन रही है तो आपको शॉल को कुछ इस तरह से ओढ़ना चाहिए.अगर साड़ी पर शॉल डालना चाहती है, तो कंधे से कोहनी तक इसे ओढ़ें या फिर आप आधे कंधे तक ही इसे ओढ़ सकती है। इसी तरह से आप सूट पर दुपट्टे को न लें बल्कि शॉल को कैरी करें। आप चाहे तो शॉल की जगह पश्मीना स्टोल कैरी कर सकती है। साड़ी के साथ स्टोल को स्कार्फ की तरह गले में लपेटकर दोनों सिरे आगे की तरफ करके डाल सकती हैं। शॉल को कंधों से ओढ़ लें अब इसे आगे की ओर लटकाएं इसके बाद कमर पर बेल्ट लगा लें। इस स्टाइल को आप साड़ी, सूट, जींस पर भी कैरी कर सकती है। क्रोशिया शॉल को पूरी तरह से गोलाई में लपेटकर इसके बाहरी छोर को पिनअप कर लें ताकि ये जमे रहे ये स्टाइल आप जींस, सूट पर कैरी कर सकती है। अगर किसी पार्टी या शादी में जा रही है, तो हल्के कलर की साड़ी के साथ गहरे और खिलते हुए रंग के शॉल ओढ़ें वहीं गहरे रंग की साड़ी है, तो हल्के पेस्टल कलर के शॉल डालें।



# स्मार्ट आइडियाज की मदद से अपनी बालकनी को करें डेकोर

**विंटर सीजन में बहुत कम लोग ही बालकनी में बैठते हैं। इसकी वजह कड़ाके की ठंड है। क्योंकि बालकनी खुली होती है, इसलिए उस जगह में ठंड लगना बेहद ही सामान्य बात है। लेकिन आप कुछ स्मार्ट आइडियाज की मदद से अपनी बालकनी को कुछ इस तरह से डेकोर कर सकती हैं, जिससे आपकी बालकनी आरामदायक के साथ-साथ कोजी रहेगी। इसके बाद आप आराम से अपनी बालकनी में बैठकर चाय पीने का आनंद ले सकती हैं और छोटी से पार्टी भी कर पाएंगी।**

अगर आप भी चाहती हैं कि आप सर्दियों में भी बालकनी में बैठी रहें तो आज हम बताएंगे कुछ ऐसे आइडियाज जिसका उपयोग कर आप अपनी बालकनी को सर्दियों के हिसाब से डेकोरेट कर सकती हैं और दिल खोलकर सुकून के पल बिता सकती हैं।

## ब्लैंकेट और पिलो

सर्दियों में ज्यादातर समय ब्लैंकेट के अंदर ही बीतता है, ऐसे में आप चाहें तो इसे बालकनी में भी रख सकती हैं। गर्म तकिया और ब्लैंकेट न सिर्फ आपकी बालकनी की खूबसूरती को बढ़ाएगा बल्कि आप यहाँ आराम से बैठकर शाम की चाय को भी एन्जॉय कर सकेंगी। इसके लिए बालकनी में छोटा सोफा या फिर कुर्सियों को वहां एडजस्ट कर सकती हैं। ध्यान रखें कि ब्लैंकेट वुलेन का ही होना चाहिए, ताकी ठंडी हवाओं से बचा जा सके। अगर आपके पास एक आउटडोर आउटलेट है, तो आप इलेक्ट्रिक ब्लैंकेट रख सकती हैं। इसकी मदद से बालकनी में आप अधिक समय बिता सकती हैं।

## इलेक्ट्रिक हीटर

सर्दी से बचने के लिए ज्यादातर लोग आग तापना पसंद करते हैं, लेकिन अपार्टमेंट या फिर शहरों में रह रहे लोगों के लिए यह मुमकिन नहीं है। हालांकि आप चाहें तो अपनी सुविधा के अनुसार बोर्न फायर लगा सकती हैं। अगर आपके पास यह सुविधा नहीं है तो इलेक्ट्रिक हीटर का उपयोग कर सकती हैं। अगर आप अपनी बालकनी में हीटर का उपयोग कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आस पास ऐसी चीजों को न रखें, ताकी आग लगने जैसी समस्या पैदा न हो।

## कैंडल डेकोरेशन

इन दिनों घर को सजाने के लिए कैंडल का खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन आप चाहें तो इससे अपनी बालकनी की भी रौनक बढ़ा सकती हैं। सर्दियों में कैंडल का उपयोग करने से बालकनी में गर्माहट बनी रहेगी और यह देखने में भी काफी खूबसूरत लगता है। इन दिनों तरह-तरह की कैंडल लैंप मार्केट में उपलब्ध है, जहां आप अपनी सुविधा के अनुसार इसे इस्तेमाल कर सकती हैं। बालकनी में हल्की रौशनी के लिए कैंडल बेस्ट ऑप्शन है।

## कलरफुल लाइट्स

त्योहार या फिर खास मौकों पर घर को सजाने के लिए कलरफुल लाइट्स का इस्तेमाल खूब किया जाता है। जिसके बाद इसे रख दिया जाता है। लंबे समय तक रखे रहने से यह खराब हो जाती हैं, ऐसे इन कलरफुल लाइट्स या फिर फेयरी लाइट्स से अपनी बालकनी को डेकोरेट कर सकती हैं। इससे बालकनी में गर्माहट भी बनी रहेगी। इसके अलावा अगर आप अपनी बालकनी को अट्रैक्टिव लुक देना चाहती हैं तो इलेक्ट्रिक लैंप का भी प्रयोग कर सकती हैं।

## विंटर प्लांट्स

बालकनी में विंटर प्लांट्स को जगह दें, जिससे रौनक बनी रहे। कई ऐसे फूल और पौधे हैं, जो सर्दियों के अनुकूल होते है। यह प्लाटंस लंबे समय तक बने रहते हैं और इससे बालकनी की भी खूबसूरती बनी रहेगी। रंग-बिरंगे मनमोहक फूल पौधों से सजी बालकनी देखने में काफी खूबसूरत लगती है। सर्दियों के अनुसार अगर पौधे लगाएंगी तो इनकी देखरेख के लिए अधिक मेहनत की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।





# कब और कैसे लगाएं सिर में तेल

**बालों के लिए तेल कितना ज्यादा जरूरी है यह बात सभी जानते हैं। लेकिन व्यस्त दिनचर्या के कारण अधिकतर लोग इससे दूर ही रहते है पर ऐसा करना उनके बालों को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए बालों में तेल लगाना जरूरी होता है जिससे बाल हेल्दी बने रहें। लेकिन क्या आप जानते हैं तेल लगाने का भी सही और गलत तरीका होता है इसके अलावा अगर सही समय पर तेल लगाया जाएं तो ये आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है.आइए जानते हैं**

## तेल कब लगाएं

वैसे तो आप तेल किसी भी समय लगा सकते है लेकिन अहम बात ये है कि आप तेल लगाकर घर से बाहर न निकलें क्योंकि अगर आप ऐसा करते है, तो प्रदूषण से आपके बाल खराब हो सकते है इसलिए कोशिश करें कि आप रात में सोते समय ही तेल लगाएं। रात को तेल लगाकर सोने के बाद अगले दिन आप अपने बालों को शैम्पू से वॉश कर लें। इससे रातभर में आपको बालों को अच्छा नरिशमेंट मिलेगा। वहीं इससे आपकी त्वचा भी हेल्दी होगी ऐसा इसलिए क्योंकि माना जाता है कि रात भर तेल लगाकर सोने से स्किन पर रिंकल्स की परेशानी नहीं होती लेकिन अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो रातभर तेल लगाकर न रखें बालों को शैम्पू करने के 2 घंटे पहले अपने बालों में तेल लगाएं।

## कैसे लगाएं बालों में तेल

आप जो भी तेल अपने बालों में लगाते है उसे पहले हल्का सा गर्म कर लें अब इसमें उंगलियों के पोरों को डुबाएं और तेल को बालों की जड़ों में लगाते हुए मसाज करें। ध्यान रहे कि आप ज्यादा प्रेशर न लगाएं नहीं तो बाल टूट सकते हैं। बालों को धोने से पहले बालों में स्टीम लें इससे बालों के जड़ों तक तेल पहुंचेगा और बाल हेल्दी और शाइनिंग होंगे।







# विंटर फैशन टिप्स फॉलो कर पाएं स्टाइलिश लुक

**अधिकतर लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में फैशनेबल दिखना काफी मुश्किल है। लेकिन आपको बता दे कि मौसम चाहे कोई भी आप सही फैशन टिप्स को फॉलो कर हमेशा स्टाइलिश नजर आ सकते है। तो आइए जानते है कुछ विंटर फैशन टिप्स जिन्हें अपनाकर आप सर्दियों में भी अपने लुक को स्टाइलिश रख सकती है.**

लाइट कलर विंटर में आपके लिए एक बढ़िया विकल्प है ।यह आपको डिफ्रेंट लुक भी देता है। विंटर में जींस पहनने से ठंडक से तो बच ही जाते है साथ ही लाइट कलर के जींस को ट्राई कर आप स्टाइलिश लुक पा सकती है। इसके साथ आप हाईनेक स्वेटर कैरी करें। ऑफ-व्हाइट कलर का लॉन्ग कोट भी आपको विंटर में स्टाइलिश लुक दे सकता है। इसलिए विंटर में इन्हें जरूर ट्राई करें। बहुत मैचिंग ड्रेस न पहनें इसके जगह आप अलग-अलग कलर के ड्रेस ट्राई कर सकती है। क्योंकि हमेशा मैचिंग टॉप या ब्लेजर पहनना बोरिंग हो सकता है, इसलिए अलग और ब्राइट कलर को ट्राई करें। आप चाहे तो रेड वूलन क्रॉप टॉप ट्राई कर सकती है और इसके साथ ब्लैक बूट्स पहन सकती है। ऐसे कलर विंटर में खूब जमते है।

## मफलर से करें डिफ्रेंट लुक कैरी

सिंपल सा ड्रेस अगर आपने पहना है तो इसे फैशनेबल लुक देने के लिए आप मफलर को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती है। ऐसा करने से आप ठंड से तो बच ही जाएंगी साथ ही स्टाइलिश भी नजर आएगी।

## व्हाइट एंड ब्लैक कलर

विंटर में व्हाइट एंड ब्लैक कलर जरूर ट्राई करें। ये आपको बहुत क्यूट लुक देता है। आप डेनिम जींस के साथ व्हाइट कलर का जैकेट कैरी कर सकती है। आप यहां मैचिंग जैकेट से मैचिंग बूट्स कैरी कर सकती है। व्हाइट के अलावा आप ब्लैक कलर का जैकेट भी ट्राई कर सकती है।



# दर्जनों यात्री महाकुंभ प्रयागराज की यात्रा पर रवाना हुए

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा/सोहनलाल वैष्णव।**

कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र से गत दो दिनों में दर्जनों ग्रामीण करीब पांच बसों से महाकुंभ की यात्रा के लिए कस्बे के सदर बाजार व पीपली चौराहा तथा अन्य स्थानों से जयकारों के साथ रवाना हुए।

युवा सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र भाटी ने बताया कि बोरुंदा, गढ़सुरिया, हरियाढाणा, बीटण, पुन्दलू, मादलिया व पटेल नगर सहित आधा दर्जन ग्रामीण क्षेत्र से दर्जनों महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु शुभ मुहूर्त में महाकुंभ प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, खाटु श्यामजी व सालासर बालाजी सहित दर्जन भर धार्मिक स्थलों कि दस दिवसीय यात्रा को लेकर जय जयकारों के साथ सदर बाजार व पीपली चौराहा से रवाना हुए। इस दौरान कोयलीदेवी भाटी, रामूदेवी भाटी दुर्गा देवी, अन्नपूर्णा शर्मा, बाबूलाल कासनियां, दरियावदेवी नोरतीदेवी वैष्णव, भगवती, सपना कुमावत, रेखा सोलंकी, छगन कंवर, नारायण सिंह, पिस्ता, सूरजा, रामदेव कच्छावा, गोविंदराम करेशिया व अन्य श्रद्धालु रवाना हुए। इस दौरान कई परिजनों ने श्रद्धालुओं को माला पहनाकर रवाना किया।

**दर्जन भर धार्मिक स्थलों की दस दिवसीय**



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/राजेश गुप्ता**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 119 वे संस्करण का प्रसारण अलवर दक्षिण जिले के शक्ति केदो के बूथों पर सुना गया इसके तहत अलवर विधानसभा के केशव मंडल के बूथ नंबर 172 भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ सुना इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता जी ,जिला महामंत्री गोरधन सिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष महेश निहलवानी, स्थानीय बूथ अध्यक्ष श्याम यादव मंडल पदाधिकारी कमल कांत जांगिड़ ,ओम प्रकाश शर्मा , पाराशर ,सुनील यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## जीवदया की अनूठी मिसाल, पक्षियों के खाने पीने व रहने के लिए बनाया 71फीट ऊंचाई का आशियाना

♦भारत टाइम्स♦

**आमेट। विद्याधर वैष्णव**



श्री पंचमुखी हनुमान नंदी गौशाला आगरिया में पक्षी के रहने का आशियाना तैयार किया गया है।गौशाला सचिव शम्भु सिंह चौहान ने बताया की परहित सरस धर्म नाही कहावत को चरित्रार्थ करते हुए सोहन लाल खुमान कुमावत गौसुंडी हाल निवासी मुंबई के मन में जीव दया ओर पक्षियों के लिए ऐसा प्रेम जागा कि उनके लिए 71 फीट ऊंचाई का एक सुंदर सा चिड़िया घर निर्माण करवाया जिसमें 2800/3000 पक्षियों के लिए खाने पीने व रहने के लिए ये आशियाना बनाया गया।इस चिड़िया घर को बनाने के लिए 11 लाख रु अनुमानित लागत आई है।चिड़िया घर बनाने का विचार क्यों व कैसे आया की सोहन लाल कुमावत एक दिन अचानक श्री पंचमुखी हनुमान नंदी गौशाला अवलोकन करने गए तो वहां खुले में चिड़ियों को दाना पानी डालते देखा तो उनके मन में विचार आया कि क्यों न इनके रहने के लिए कोई स्थाई रूप से कोई व्यवस्था हो तो उन्होंने गौशाला समिति से चर्चा करके इस कार्य को गति प्रदान की। फिर इसकी रूप रेखा बना कर गुजरात के आर्किटेक्ट बसंत भाई से इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया,11 दिसंबर को हुए भूमि पूजन के साथ ही शुरूआत हुई जो अब बनकर तैयार हो गया है इसके साथ ही कबूतरों के लिए दाना पानी के लिए 350 स्क्वायर फीट में एक कमरा निर्माण का कार्य चल रहा है जिसका कॉन्ट्रैक्ट मोहन लाल कुमावत आगरिया को दिया गया।

# उपमुख्यमंत्री ने रेलवे अंडर ब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

♦भारत टाइम्स♦

**(हरिप्रसाद शर्मा)अजमेर/**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अजमेर दौरे के दौरान ब्यावर रोड़ स्थित रेलवे अंडर ब्रिज एवं ओवरब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पुलिया की उचित गहराई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे दोपहिया एवं चौपहिया वाहन सुगमता से गुजर सकें। साथ ही उन्होंने अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए उचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया । उपमुख्यमंत्री



ने शहर के मुख्य मार्गों की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और क्षतिग्रस्त सड़कों की त्वरित मरम्मत के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर वार्ता कर पुलिया निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य की गति को तेज करें और प्रगति रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्रीमती अनीता भदेल, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, जिला कलक्टर लोक बन्धु, जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नरेश गोयल बने निर्विरोध अध्यक्ष



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/राजेश गुप्ता**

एन ई बी हाऊसिंग बोर्ड स्थित शिव में शिव मंदिर कमेटी की रविवार शाम को बैठक का आयोजन हुआ इसमें सभी सदस्यों ने नरेश गोयल को मंदिर कमेटी का सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना। नव नियुक्त अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया और अपने पद के प्रति संवेदनशील रहने का प्रण लिया इस अवसर पर विशंभर दयाल राजेश कुमार धर्मचंद यादव शर्मा महेश चंद्र रावत सुभाष चंद्र गोयल श्री राम गुप्ता अमित सोनी दिलीप खंडेलवाल अनिल गोयल नरेंद्र शर्मा लक्ष्मीकांत गुप्ता लक्षमेश सिंह आदि और भी सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# उन्नत स्वस्थ सेवा देना हमारा लक्ष्य -डॉ. तैय्यब खान

**सानिया हॉस्पिटल अलवर में आधुनिक डिजिटल मशीनों का उद्घाटन कई धर्मगुरु रहे मौजूद**

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता**



सानिया हॉस्पिटल में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया है। एमआरआई, सीआरआरटी और अन्य आधुनिक डिजिटल मशीनों का उद्घाटन एक भव्य समारोह में किया गया, जिसमें हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई समुदाय के धर्मगुरु शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. तैय्यब खान (एमबीबीएस, एम.डी.) ने बताया कि अस्पताल में नई तकनीकों के जुड़ने से मरीजों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा, सीआरआरटी ( Continuous Renal Replacement Therapy) जैसी एडवांस्ड तकनीक गंभीर रूप से बीमार किडनी रोगियों के लिए जीवनरक्षक साबित होगी। वहीं, नवीनतम एमआरआई मशीन अधिक स्पष्ट और विस्तृत इमेजिंग प्रदान करेगी, जिससे सटीक निदान संभव होगा। हमारा लक्ष्य है कि अलवर और आसपास के मरीजों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे उन्हें बड़े शहरों में जाने की जरूरत न पड़े। उद्घाटन समारोह में उपस्थित धर्मगुरुओं ने अस्पताल के इस कदम की सराहना की और कहा कि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी होगा। सानिया हॉस्पिटल से जुड़े शफी मोहम्मद ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा सेवाओं मे सानिया हॉस्पिटल अलवर का नम्बर वन हॉस्पिटल बन गया है। धर्मगुरुओं मे मौलाना राशिद, पं. धर्मवीर शर्मा, ज्ञानी रामसिंह, फादर रनीश जोसफ और मौलाना असजद आदि मौजूद रहे। उन्होंने हॉस्पिटल के इस भव्य समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। नई डिजिटल मशीनों से जटिल बीमारियों की जांच और इलाज में तेजी आयेगी जिससे मरीजों को लाभ मिलेगा।₹ अस्पताल समाज के सभी वर्गों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने स्वस्थ समाज के निर्माण में चिकित्सा क्षेत्र की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

इस मौके पर हॉस्पिटल के कंवलजीत सिंह, मुबारक, महेन्द्र सिंह चौहान, रजनी सचदेवा, सहित कई चिकित्सा विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे

# इटादा में फार्मर किसान रजिस्ट्री कैंप का हुआ आयोजन



♦भारत टाइम्स♦

**इटादा**

राजस्थान सरकार द्वारा तीन दिवसिय फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन ग्राम पंचायत ईटादा मे शनिवार से प्रारंभ होकर सोमवार तक आयोजित किया जाएगा। इस कैम्प मे 3 टेबलो पर फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही हे इसमे टेबल नबर एक पर ईटादा ग्राम विकास अधिकारी रोहिताश ओर रबासर ग्राम पंचायत सहायक प्रशासनिक अधिकारी कल्याण चौहान इनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री

से आधार कार्ड मे ङउ कर के आगे 2 नबर टेबल पर फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनाया जा रहा था जिसमे ईटादा पटवारी हनुमानराम ओर आलमसर पटवारी जयपाल इनके द्वारा कार्ड को बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। जिसके बाद सक्सेस फुल होकर फार्मर रजिस्ट्री कार्ड टेबल नबर 3 पर ग्राम पंचायत गोमदा राम के द्वारा कार्ड को वितरण किया जा रहा था। इस शिविर में पहले दिन 246 आईडी बनाई गई ओर दूसरे दिन 253 किसने की फार्मर आईडी बनाई गई।

इस शिविर के दौरान ईटादा सरपंच प्रतिनिधि सबीर खान, बसीर खान, नसीर खान , मोरीद खान, जानु खान, सदाम खान, कादर खान, इसाक खान, नवाब खान, हसन खान, अबुबकर खान अन्य कई ग्रामीण मोजुद रहे

# मण्डावर में महाशिवरात्रि पर भजन संध्या 25 को मेला 26 को

**राजस्थान के ट्रेडिंग गायक कलाकार भजन संध्या में करेंगे शिरकत, विशाल भजन संध्या का होगा आयोजन**

♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़। विद्याधर वैष्णव**

महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम पंचायत मण्डावर मुख्यालय पर स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 25 फरवरी को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा तथा 26 फरवरी को मेले का आयोजन होगा।भजन संध्या में राजस्थान के ट्रेडिंग गायक कलाकार भाग लेंगे तथा विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। 26 फरवरी को प्रातः 9 बजे हवन का कार्यक्रम होगा तथा दिनभर मेला लगेगा। जिसमें डोलर, चकरी, मनिहारी मार्केट सहित खाद्य सामग्री की दुकाने लगेगी।इस अवसर पर रस्साकस्सी, कुसीर्रेस व अन्य खेलकूद स्पधाएं आयोजित होगी। आयोजन को लेकर आयोजन कमेटी संयोजक मिठू सिंह चौहान, लूम्ब सिंह चौहान, जसवन्त सिंह चौहान, सरपंच प्यारी कुमारी, हरि सिंह डूंगावत , जितेंद्र सिंह, कान सिंह, चुन्ना सिंह, भगवान सहाय, रमेश सिंह, वीरम सिंह, सोहन सिंह, भगवान सिंह, राकेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, नारायण सिंह, देवी कुमारी रेगर, हरि सिंह , पूरन सिंह, ललित किशोर सिंह आदि तैयारियों में जुटे हुए है।




# सोमवार से 5वीं व 8वीं की बोर्ड परीक्षा, मप्र में 25 लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

♦भारत टाइम्स♦

**भोपाल**

प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों की पांचवीं व आठवीं की बोर्ड परीक्षा सोमवार से शुरू होगी। इसमें प्रदेशभर से करीब 25 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। दोनों कक्षाओं की परीक्षा दोपहर दो से शाम 4:30 बजे तक चलेंगी। पहला प्रश्नपत्र हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व मराठी विषय का है। वहीं जीआइएस समिट के चलते स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि राजधानी में जिनके परीक्षा केंद्र कार्यक्रम स्थल के आसपास हैं, उन केंद्रों पर बच्चों को पहुंचाने की जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। ऐसे 12 केंद्र चिह्नित किए गए हैं, जिनके लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह भी निर्देशित किया गया है कि 24 व 25 को जीआइएस समिट के कारण राजधानी में मार्ग परिवर्तित रहेगा। इस कारण विद्यार्थियों को अपने परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचना होगा। इसके लिए घर से करीब दो घंटे पहले निकलने के लिए कहा गया है, ताकि परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में कोई परेशानी न हो। शासकीय उमावि कस्तूरबा, शासकीय हाईस्कूल सरदार पटेल पंचशील नगर, कोपल हासे स्कूल नेहरू नगर, डीएवी स्कूल टीटी नगर, शासकीय हाईस्कूल 25 बटालियन भदभदा, शासकीय माध्यमिक शाला चंद्रशेखर आजाद टीटीनगर, रोजमेरी नगर हर्षवर्धन नगर, जैन पब्लिक स्कूल जैन नगर लालघाटी, शासकीय उमावि (महात्मा गांधी) गांधी नगर, लक्ष्मीदेवी हायर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर, शासकीय उमावि विद्या विहार, शासकीय उमावि अहमदाबाद (कोहेफिजा) शामिल हैं। इन केंद्रों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### जिले के पांच स्कूलों में एनसीईआरटी के प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे

जिले में पांच स्कूलों में भाषा का प्रश्नपत्र एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित भेजे जाएंगे। अन्य केंद्रों पर एससीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नपत्र होंगे। जिले में 103 परीक्षा केंद्रों पर करीब 34 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। पांचवीं के प्रश्नपत्र के बंडल सफेद कपड़े एवं आठवीं के लिए पीले रंग के कपड़े के पैकेट में होंगे।



जीआइएस समिट स्थल के आसपास 12 केंद्र हैं, जिसके लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। परीक्षा का समय दो बजे से है। अगर विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में परेशानी होती है तो नोडल अधिकारी उनकी मदद करेंगे। किसी भी परीक्षार्थी को रोका नहीं जाएगा।

– **ओपी शर्मा,** जिला परियोजना समन्वयक, भोपाल

# आत्मविजय कर परम स्थान की ओर गति करे मानव

- **माण्डवी प्रवास का दूसरा दिन, माण्डवीवासियों ने अर्पित की भावांजलि**
- **साइक्लोथॉन में शामिल संभागियों को आचार्यश्री से मिली पावन प्रेरणा**

♦भारत टाइम्स♦

**मांडवी, कच्छ (गुजरात) :**

कच्छ जिले के माण्डवी नगर में दोदिवसीय प्रवास कर रहे जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, शांतिदूत आचार्यश्री महाश्रमणजी प्रातःकाल भ्रमण को निकले तो कितनी जनता को आचार्यश्री के दर्शन और आशीर्वाद से लाभान्वित होने का अवसर मिला। इतना ही नहीं आचार्यश्री के इस प्रवास के दौरान आज माण्डवी का 445वां स्थापना दिवस भी मनाया जा रहा था। इस संदर्भ में माण्डवी में ह्यसाइक्लोथॉनह्न का भी आयोजन किया गया था। इस संदर्भ में अपनी-अपनी साइकिल के साथ उपस्थित संभागियों को आचार्यश्री के श्रीमुख से मंगलपाठ व पावन पाथेय प्राप्त करने का भी अवसर मिल गया। नगर परिभ्रमण करने के उपरान्त आचार्यश्री पुनः प्रवास स्थल में पधारे।

माण्डवीवासियों को अहिंसा यात्रा प्रणेता आचार्यश्री महाश्रमणजी ने अपनी अमृतवाणी



से पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि दुनिया में कभी-कभी युद्ध प्रसंग सामने आ जाता है। कभी दो राष्ट्रों के बीच युद्ध हो जाता है तो कभी-कभी विश्वयुद्ध की स्थिति भी बन जाती है। यह सभी युद्ध बाहरी है। जैन शास्त्रों में भी युद्ध करने की बात बताई गई है। वह लड़ाई अपने भीतर स्वयं की आत्मा से करने के लिए बताई गई है। आगमकार ने कहा कि आदमी अपनी आत्मा से युद्ध करे। आदमी स्वयं की आत्मा पर विजय प्राप्त कर ले तो सुख की प्राप्ति भी कर सकता है। अपनी आत्मा से युद्ध करना धर्मयुद्ध होता है।

अपनी आत्मा से युद्ध आध्यात्मिक संपदा को पाने और अपने जीवन का कल्याण करने के लिए होता है। प्रश्न हो सकता है कि कौन युद्ध करें, किसके साथ युद्ध करें और कैसे युद्ध करें। जैन विद्या में आठ आत्माएं बताई गई हैं। आदमी को अपनी ही आत्मा से युद्ध करना होता है। चारित्र आत्मा, सम्यक आत्मा और शुभ योग आत्मा कषाय आत्मा, अशुभयोग आत्मा तथा मिथ्यादर्शन आत्मा के साथ लड़ने का प्रयास करना चाहिए। इस युद्ध में मूलतः कषाय पर विजय प्राप्त करना होता है। कषाय पर विजय हो गया तो मानना चाहिए आदमी अपनी आत्मा पर विजय प्राप्त कर लिया। आदमी के भीतर कर्मों रूपी बंध का मल लाने वाला कषाय ही होता है। क्रोध, अहंकार, माया और लोभ- इन चारों कषायों पर विजय प्राप्त करने का प्रयास होना चाहिए। जो इन चारों पर विजय प्राप्त कर लेता है, वह अपनी आत्मा पर विजय प्राप्त सकता है।

गुस्से को जीतना है और उसे उपशांत करना है तो उपशम की साधना करने का प्रयास करना चाहिए। आदमी को अपने गुस्से को उपशम के द्वारा जीतने का प्रयास होना चाहिए। जब गुस्सा आए तो आदमी को मौन रहने का प्रयास करना चाहिए। महात्मा के मन व वचन में एकरूपता होती है। आदमी को अहंकार से बचने का प्रयास करना चाहिए। अहंकार को मार्दव से जीतने का प्रयास करना चाहिए। इसी प्रकार माया को आर्जव से और लोभ को संतोष से जीतने का प्रयास करना चाहिए। इस प्रकार आदमी कभी परम स्थान को भी प्राप्त कर सकता है। आचार्यश्री के मंगल प्रवचन के उपरान्त साध्वीवर्या साध्वी सम्बुद्धयशाजी ने भी माण्डवीवासियों को उद्बोधित किया।

# रामनगर दुर्गा मंदिर के पास पी ए सी जवान की कार ने मोटर साइकिल में मारी टक्टर चार घायल

♦भारत टाइम्स♦

**रामनगर।**

रामनगर थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के समीप रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे के करीब अनियंत्रित कार ने मोटरसाइकिल और साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद एक कटरे में जाकर भीड़ गई। इसके चलते पति पत्नी और बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कस्बा प्रभारी गौरव सिंह मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस को बुलाकर घायलों को एल बी एस अस्पताल भेजा जहां उनका इलाज किया जा रहा है। संयोग से बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।कार 36 वीं वाहिनी पीएसी का हेड कांस्टेबल रविन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सारगज सिंह निवासी भीटी रामनगर चला रहा था।इन दिनों उसकी ड्यूटी पुलिस लाइन में होने के कारण ज्ञानवापी ड्यूटी कर रहा है। बताते हैं कि मोटरसाइकिल सवार संजय कुमार (पुत्र



श्यामलाल)हिंदवारी थाना अलीनगर,जनपद चंदौली के निवासी हैं।अपनी पत्नी आशा देवी और बेटी अनुजा कुमारी के साथ मोटरसाइकिल (यूपी65 डीवाई 9491) पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक कार (यूपी65ईए7316) ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल सवार परिवार के तीनों सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, रामनगर ले जाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। तीनों की हालत अब खतरे से बाहर है।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इस घटना में एक वृद्ध साइकिल सवार को भी धक्का लगा,लेकिन उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी जांच की और उन्हें घर भेज दिया। घटना के बाद घायलों और उनके परिजनों ने रामनगर थाने में तहरीर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, कार चालक की लापरवाही इस घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।घटना के बाद घायलों और उनके परिजनों ने रामनगर थाने में तहरीर दर्ज कराई है। गांव के लोगों ने इस इलाके में बार-बार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के चलते कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर गति अवरोधक बनाने की मांग की है।चिंता जताई है और प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# रोटरी का स्थापना दिवस निरश्रित लोगों कों भोजन करवाकर मनाया



♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ**

मेघनगर मेघेश्वर महादेव शंकर मंदिर राम रोटी अनु दरबार पर रोटरी क्लब अपना मेघनगर के सदस्यों ने रोटरी स्थापना दिवस भोजन करवाकर मनाया

इस अवसर पर उपस्थित रोटरी क्लब अपना के संस्थापक अध्यक्ष भरत मिस्त्री ने रोटरी की स्थापना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी क्लब की शुरूआत शिकागो के वकील पॉल हैरिस ने 23 फरवरी, 1905 को शिकागो में रोटरी क्लब की स्थापना की थी रोटरी क्लब का मकसद अलग-अलग पृष्ठ भूमि के पेशेवरों को एक साथ लाना और उनके बीच विचारों का आदान-प्रदान कराना था एवं समय के साथ, रोटरी का मकसद मानवीय सेवा तक फैल गया जो 220 देशो मे सेवा कार्य कर रहा है रोटरी द्वारा पोलियो जैसी बीमारी को जड़ से मिटाना एवं कोरोना काल में अहम भूमिका निभाई एवं रोटरी के माध्यम से अनगिनत सेवा कार्य किए जाते हैं

जो किसी से छुप नहीं है मानव सेवा ही हर रोटेरियन का लक्ष्य है साथियों हम आप सभी को एक साथ मानव सेवा के लिए रोटरी इंटरनेशनल को धन्यवाद देते हैं और हम सभी को समाज को कुछ वापस देने का अवसर देते हैं, वह भी नए अवसरों को खोलकर मजेदार सुर के साथ कहीं न कहीं किसी के जीवन को बदलने के लिए सेवा करने की अनुमति देते हैं बस कल्पना रोटरी द्वारा, हम अपने विश्व सह प्राणियों में आशा की भावना पैदा करते हैं और इस तरह रोटरी का जादू दिखाते हैं ... एक बार फिर इस 23 फरवरी को हम अच्छा करने के लिए एकजुट होकर हम सभी रोटेरियन रोटरी इंटरनेशनल की 120 वीं वर्षगांठ को मेघनगर राम रोटी अणु दरबार शंकर मंदिर पर निराश्रित जनों भोजन करवा कर इस दिन को विशेष बनाया हैं।

रोटरी क्लब अपना के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि रोटरी क्लब अपना हमेशा ही समाज के अंतिम व्यक्ति के हितार्थ के कार्य ही करता है और आज रोटरी की स्थापना भी निराश्रित लोगों को भोजन करवा कर मनाया

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व अध्यक्ष पंकज रांका ने कहा कि रोटरी सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रही और नगर की हर मूलभूत सुविधाओं पर कार्य कर रही है और इसी कड़ी में आगामी दिनों में अस्पताल चौराहे पर एक शीतल जल हेतु प्याऊ मय वाटर कूलर के साथ स्थापित करने जा रहा है

इस अवसर पर उपस्थित गोविंद सिंह चौहान कांतिलाल नीमा डॉक्टर किशोर नायक राम रोटी अनु दरबार के संस्थापक प्रकाश भंडारी अनंत राय जोशी निलेश संघवी आदि उपस्थित थे।

# मिर्जा गालिब मार्केट फुटपाथ दुकानदार एवं ठेला होकर यूनियन के अध्यक्ष बने कमालउद्दीन अंसारी

## दुकानदारों ने कहा पहले वाले अध्यक्ष से बेहतर है इनका कार्य



♦भारत टाइम्स♦

**गया**

शहर के केदारनाथ मार्केट के समीप मिर्जा गालिब मार्केट फुटपाथ दुकानदार एवं ठेला होकर यूनियन के द्वारा अध्यक्ष पद का हुआ चयन दिनांक 18 फरवरी 2025 को, मिर्जा गालिब मार्केट फुटपाथ दुकानदार एवं ठेला होकर संघ की आमसभा इंडस्ट्रियल क्लब भवन में आयोजित हुई। वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद कमालुद्दीन अंसारी ने। मिर्जा गालिब मार्केट फुटपाथ दुकानदारों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा। इन सभी दुकानदारों का ही देन है जो मैं वापस अध्यक्ष पद पर फिर से बैठा हूं वही अध्यक्ष मोहम्मद कमालुद्दीन अंसारी ने बताया इस बार फिर मुझे अध्यक्ष बनाया गया है। इसके पूर्व में भी मैं अध्यक्ष था और बीच में चुनाव हुआ तो किसी और को चुना गया था, जो के कमेटी के द्वारा इसे भंग करके मुझे इस बार फिर अध्यक्ष बनाया गया।

इस समय दुकानदारों के हित में कदम उठाने के लिए संगठन के निर्माण पर चर्चा हुई। जिसके उपरांत सर्व सम्मानित से अगले सत्र के लिए निम्न पदाधिकारियों का चुनाव किया गया हैं।

इस संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्य शामिल हुए, सम्मानित अध्यक्ष शमीम अहमद अध्यक्ष मोहम्मद कमालउद्दीन अंसारी उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंहा मोहम्मद मुश्ताक आलम संगठन मंत्री ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष उदय कुमार, कार्यकारी सदस्य मोहम्मद सादिक अनवर उर्फ पप्पू जी। दिलीप कुमार, प्रमोद कुमार, मुहम्मद सावेज, मनोज कुमार, मोहम्मद जफर आलम, प्रकाश कुमार यादव, रौशन कुमार सोनी, नवाजिश अंसारी, मोहम्मद इरशाद आलम, रिजवान आलम उर्फ राजा, एमडी तौकीर आलम, राजकुमार केशरी, रिजवान खान उर्फ गोल्डन, मोनू कुमार, सतीश कुमार भदानी, विकाश कुमार, राजेश कुमार, शमशेर आलम, आकाश कुमार, सुनील केशरी, महेंद्र कुमार, भोला केशरी, सहित कई दुकानदार उपस्थित रहे।

# कानपुर में फांसी पर लटक गया आर्थिक तंगी से परेशान मूकबधिर मजदूर

**सुनील बाजपेई कानपुर।** लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ आर्थिक तंगी की समस्या ने एक मूकबधिर युवक को फांसी पर लटक जाने के लिए मजबूर कर दिया। वह बड़ी मुश्किल से मेहनत मजदूरी करके अपना गुजारा कर रहा था। उसका शव नीम के पेड़ से लटका मिला,जिस पर उसके परिवार में कोहरा मचा हुआ है। फिलहाल लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस घटना की जांच में जुटी है। यह घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर में हुई। यहां स्थित श्री राधे कृष्ण मुन्नी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के मेन गेट के पास के नीम के पेड़ पर गमछे के सहारे 30 वर्षीय युवक ने शव फंदे से लटका मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि उसकी शिनाख्त महोली ग्राम निवासी रामबाबू पासवान के मंझिले बेटे गूंगा उर्फ अंशु के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।
परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। घर पर दो भाई आशू व अंकुर और बहन छोटी है। मृतक मूकबधिर था और मेहनत-मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था।

# जीतू पटवारी व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार का 25 फरवरी मोहनखेड़ा एवं झाबुआ के एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम

**आदिवासी कांग्रेस प्रशिक्षण शिविर व संगठनात्मक बैठक में होंगे शामिल**

**जिला कांग्रेस ने कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय की स्थानीय शगुन गार्डन में होगा कांग्रेस जनों का जमावड़ा**

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मप्र कांग्रेस के प्रभारी एवं विधायक हरीश चौधरी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिगार व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त का संयुक्त दौरा कार्यक्रमानुसार आगामी 25 फरवरी को धार जिले के मोहनखेड़ा व झाबुआ जिले के प्रवास पर रहेंगे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका एवं कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी 24 फरवरी को रात्रि 9.40 बजे इंडिगो विमान द्वारा जयपुर से प्रस्थान कर रात्रि 10.40 बजे इंदौर पहुंचेंगे जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।

प्रभारी हरीश चौधरी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी 25 फरवरी को सुबह 7.45 बजे इंदौर से प्रस्थान कर सुबह 9.45 बजे धार जिले के मोहनखेड़ा पहुंचेंगें, जहां सुबह 10 बजे से मप्र आदिवासी कांग्रेस द्वारा आयोजित आदिवासी राज्य प्रशिक्षण



शिविर में उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे। नेतात्रय उसी दिन प्रातः 11 बजे मोहनखेड़ा से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे झाबुआ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मेलन में स्थानीय सज्जन रोड स्थित शगुन गार्डन पहुंचेगे नेतागण झाबुआ में ही दोपहर 12 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वहीं सायंकाल 4 बजे झाबुआ में ही पेटलावद, थांदला और झाबुआ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों कांग्रेस कार्यकताओं से विधानसभा वार मुलाकात करेंगे। नेतागणों का रात्रि विश्राम झाबुआ में रहेगा। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया विधायक जिला कांग्रेस के प्रभारी विधायक डॉक्टर हीरालाल अलावा एवं विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया वीर सिंह भूरिया पूर्व विधायक वाल सिंह मेडा प्रदेश कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता सहित कई वरिष्ठ जन समस्त ब्लॉक अध्यक्षयुवा कांग्रेस एनएसयूआई महिला कांग्रेस सेवादल शहर कांग्रेस एवं समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता आयोजित सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे

# भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के मन की बात को सुना; पीएम मोदी के कार्यों के किया सराहना



♦भारत टाइम्स♦

**गरीब दर्शन/ गया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम ₹मन की बात₹ का 119वां संस्करण भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय बूथ संख्या 199 में सुना गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने मन की बात कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जी ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की, जिनमें इसरो की उपलब्धियां, पशु-प्रेम, परीक्षा पर चर्चा और अन्य राष्ट्रीय मुद्दे शामिल था प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करफ्ड) की हालिया सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। हाल ही में इसरो द्वारा किए गए मिशनों ने भारत की वैज्ञानिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने नागरिकों को जानवरों के प्रति दया और संवेदनशीलता दिखाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पशु-पक्षी हमारे पारिस्थितिक तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और हमें उनके संरक्षण के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने लोगों को आवारा जानवरों की देखभाल करने और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करने का संदेश दिया प्रधानमंत्री जी ने छात्रों से परीक्षा को लेकर बेफिक्र रहने और आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की। उन्होंने ₹परीक्षा पर चर्चा₹ के माध्यम से विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर अध्ययन करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सीखने और आगे बढ़ने का अवसर है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा मन की बात₹ का यह संस्करण प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा। इस कार्यक्रम ने नागरिकों को देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री जी के विचारों की सराहना की और उनकी बातों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। आज के मन की बात सुनने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर संजय यादव कुंदन कुमार सिंह संतोष यादव आदि


# महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर रांका परिवार द्वारा कुंटलो फरियाली खिचड़ी का प्रसाद वितरण गणेश मंदिर पर होंगा

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ**

मेघनगर श्री गणेश मंदिर पर लगातार 15 वर्षों से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि पर गणेश मंदिर एवं नवापाड़ा मंदिर पर पंकज रांका, श्रीमती कल्पना रांका पुत्री शिवाली रांका, रम्भापुर वालों की आस्था से कुंटलो फरहली खिचड़ी का प्रसाद भगवान शिव को भोग लगानें के बाद हजारों श्रद्धालुओं को वितरित किया जाता है। इस वर्ष भी शिवरात्रि पर्व पर फरहाली खिचड़ी का प्रसाद वितरण होगा

रोटरी क्लब अपना के पूर्व अध्यक्ष पंकज रांका की माता सरस्वती पति हीरालाल रांका जो कि शिव भक्त रहें हैं और धार जिले के बाग में श्री बडकेश्वर महादेव ने माता को सपने में दर्शन दिए थें इसके बाद से ही रांका परिवार को शिव पर आस्था है एवं प्रति वर्ष रांका परिवार वहां दर्शन करने के लिए भी जाता है भगवान शिव की पूजा अर्चना कर कुंटलो फरियाली खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया जाता है।



# NLU का 17वां दीक्षांत समारोह: 181 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री, CM भजनलाल बोले- डिग्री उपलब्धि नहीं एक जिम्मेदारी भी






♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर**

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय एनएलयू का 17वां दीक्षांत समारोह आज हुआ। समारोह में 181 उपाधियों का वितरण किया गया, जिसमें स्नातक के 118, स्नातकोतर के 45 व MBA के 11 और 9 शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के 25 विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियां में स्वाद पदक भी दिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को डिग्री वितरित की। सीएम ने कहा- विद्यार्थी देश और प्रदेश का उज्ज्वल भविष्य है। विद्यार्थी अपनी डिग्री को अपनी उपलब्धि के साथ ही एक जिम्मेदारी भी समझें। देश ओर समाज में न्याय की रक्षा और न्याय के प्रसार के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि जब तक हमारी व्यक्ति समाज के प्रति संवेदनाएं नहीं होगी। तब तक हम ठीक प्रकार से काम नहीं कर पाएंगे।हमारी न्याय व्यवस्था के मूल में यही था कि किसी के भी साथ अन्याय न हो। केंद्र सरकार नए आपराधिक कानून लेकर आई, जिससे आपराधिक न्याय प्रणाली को बहुत अधिक पारदर्शी बनाकर पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की व्यवस्था की गई है। हमारी सरकार देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए काम कर रही है। सरकार के पांच साल के कार्यकाल में दस लाख रोजगार पांच साल में देने के संकल्प पर आगे बढ़ रहे हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं कुलपति न्यायमूर्ति टट श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता, प्रदेश के संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्यमंत्री जोगाराम पटेल भी शामिल हुए।

## लहर 2025 रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन




♦भारत टाइम्स♦

**मारवाड़ जंक्शन (अजय सिंह तोमर):**

मारवाड़ जंक्शन उपखंड क्षेत्र के राणावास के मानसरोवर व महावीर बालिका राणावास वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राणावास ग्राम पंचायत प्रशासक दलपत सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को निरंतर विभिन्न क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित कर रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा ओम शांति ओम.. मैं तेरे पांव की जूती.. नेपाली डांस, राजस्थानी गैर, आह टमाटर बड़े मजेदार... आदि विभिन्न गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति कर सभी दर्शकों का मन मोहित कर दिया.।

विद्यालय मे सर्वश्रेष्ठ छात्र के रूप में सुनील अटवाल व छात्रा के रूप में रक्षा वैष्णव को पुरस्कृत किया गया... वर्ष भर विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र- छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य सज्जन चौधरी, पंचायत समिति सदस्य पुष्पेंद्र सिंह, पीओ राणावास गुलाब राम हटेला आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर रडावास पूर्व सरपंच रामचंद्र मेवाड़ा, हेमंत सिंह भाटी, नाहर सिंह बोरिया, बाबू सिंह पवार,तरुण उदित, हाजी शकूर खान, हेमंत चौधरी,राकेश मेवाड़ा, ताराचंद मालवीय, विजेंद्र सिंह शेखावत आदि उपस्थित रहे... विद्यालय प्रधानाचार्य सोहन सिंह सोलंकी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में निदेशक अमर सिंह सोलंकी व व्यवस्थापक रमेश कुमार राजपुरोहित ने सभी का आभार प्रकट किया।

## जमीन घोटाले में मोहम्मद अतीक सहित तीन गिरफ्तार

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर अरुण माथुर**



मोहम्मद अतीक गौरी। अनवर अली। अहमद खिलजी।

राज्य सरकार की ओर से शिक्षण संस्थान के विकास के लिए बुजावड़ में दी गई 140 बीघा जमीन में घोटाला करने को लेकर बोरानाडा पुलिस ने मारवाड़ मुस्लिम स्कूल के पूर्व सचिव मोहम्मद अतीक, एक पूर्व आरएएस सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया है। इस 140 बीघा भूमि घोटाले के समय अतीक गौरी मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशल एंड वेलफेयर सोसाइटी का उपाध्यक्ष, आरोपी निसार अहमद खिलजी महासचिव और पूर्व आरएएस अधिकारी अनवर अली मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के कुल सचिव पद पर थे। दरअसल, बोरानाडा थाने में इस आशय का मुकदमा दर्ज हुआ था कि जिला कलेक्टर जोधपुर ने 9 अप्रैल 2000 को बुजावड़ में 140 बीघा जमीन मारवाड़ मुस्लिम शिक्षण समिति, शिक्षण संस्थान को आंवटित की थी। वर्ष 2013 में इसे वक्फ बोर्ड में दर्ज करवा दिया गया। सरकार ने सितंबर 2013 में मौलाना आजाद विश्वविद्यालय, जोधपुर को मंजूरी दी। पुलिस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, जोधपुर के अध्यक्ष मोहम्मद अली व सचिव निसार अहमद खिलजी ने अप्रेल 2022 में गवर्निंग कौसिल मिटिग आयोजित की। मीटिंग में एजेंडा के बिन्दु संख्या 03 में सोसायटी को आवंटित 140 बीघा जमीन सोसायटी द्वारा संचालित मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी, जोधपुर को हस्तान्तरित करने के लिये निसार अहमद खिलजी को अधिकृत करने का प्रस्ताव रखा गया। बाद में मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी, जोधपुर के सचिव निसार अहमद खिलजी ने जनरल कौसिंल की मीटिंग एक ही दिन में शाम के समय दो बार रखी, लेकिन दोनों बार कोरम पूरा नहीं हुआ। फिर भी मीटिंग की गई और आरोपी अतीक अहमद व निसार अहमद खिलजी के परिवार के सदस्यों के अलावा कोई अन्य सदस्य उपस्थित नहीं था। इसमें निर्णय लिया गया कि विवि को भूमि हस्तांतरित करने संबंधित सभी कार्यवाही के लिये निसार अहमद खिलजी जनरल सेक्रेट्री को अधिकृत किया जाता है। खिलजी ने ग्राम बुझावड़ के खसरा संख्या 38 में 140 बीघा भूमि जो सरकार द्वारा 06 नामजद शिक्षण संस्थानों को आवंटित की हुई, उसे मौलाना आजाद विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक व कुलसचिव अनवर अली खान को जरिये निहित/मर्ज दस्तावेज के आधार पर भूमि को हस्तांतरित कर दिया।

## जन समस्याओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत को सौंपा ज्ञापन संगठन की स्थिति से भी कराया अवगत

- **कांग्रेसजन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का एकजुट से मुकाबला करें : गहलोत**
- **कांग्रेसजनों ने किया गहलोत का भव्य स्वागत ।**



♦भारत टाइम्स♦

**फिरोज खान कि रिपोर्ट**

**आबूरोड** : राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के उदयपुर जाते समय नेशनल हाईवे पर आबूरोड कांग्रेस जनप्रतिनिधियों एवं सेवादल कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्य समिति सदस्य अमित जोशी ,अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाजी वजीर पठान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जे पी सिंह ,नगर अध्यक्ष सेवादल जसराम मेघवाल की अगवाई में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया ।जिसमें प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य अमित जोशी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष पठान, महामंत्री हाजी नूर मोहम्मद, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जे पी सिंह ,एवं पार्षदों ने गहलोत का जोधपुरी साफा और गांधी टोपी पहनकर बहुमान किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सदस्य अमित जोशी ने गहलोत को ज्ञापन सौंप अवगत कराया कि स्थानीय अस्पताल को उप जिला चिकित्सालय की घोषणा हुए लंबा समय होने के बाद भी आज तक डॉक्टर ओर स्टाफ नहीं लगाया गया है जिससे आदिवासी अंचल व पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानो की मूंगफली खरीद के लिए समय अवधि नहीं बढ़ने से भी किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और नुकसान खाकर गुजरात जाकर अपनी मूंगफली बेचनी पड़ रही है। इस अवसर पर स्थानीय संगठन के संदर्भ में भी गहलोत को अवगत कराते हुए जोशी ने बताया कि आने वाले पालिका चुनाव में पूरी मुस्तैदी से चुनाव लड़ने की रूपरेखा बनाई जा रही है। और जनता के बीच जनसमस्याओं को लेकर मुद्दे उठाए जा रहे हैं इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उपस्थित कांग्रेसजनों को जनता के हितों के मुद्दे पर लड़ाई लड़ने एवं भाजपा सरकार की दोहरी नीतियों से आमजन का अवगत कराने की बात कही। और इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए कांग्रेस पार्टी के सिपाहियों का आभार प्रकट किया इस अवसर पर जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान, महामंत्री हाजी नूर मोहम्मद ,सेवादल कांग्रेस के नगर अध्यक्ष जसाराम मेघवाल, पार्षद सुमित जोशी ,पूर्व पार्षद सुनील खोत ,दिनेश मेघवाल ,मोहम्मद असलम ,सचिव गजेंद्र काग, जिला महामंत्री लक्ष्मीकांत चौहान, सैनी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र सैनी ,यूथ कांग्रेस के हैदर पठान ,राहुल बारोट, सचिव नारायण प्रजापत, भभूतमल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमराराम गरासिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जे पी सिंह ,पूर्व जिला परिषद सदस्य पुखराज गहलोत, सहित सैकड़ो कांग्रेस उपस्थित थे ।

## कई उद्योगों की मालकिन ने कचरा बीनने वाले बच्चों से लिपटकर दिया स्नेह

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता**



कचरा बिनने वाले बच्चों से हजारों करोड़ के कई उद्योगों की मालकिन मंजू चौधरी अग्रवाल लिपट कर गले मिली तो लोग भाव विभोर हो गए। यह अवसर था नेक कमाई की ओर से दाउदपुर गुरुनानक कॉलोनी में संचालित शिक्षा संस्कार वृक्ष कक्षा का। यहां काफी संख्या में ऐसे बच्चों को शाम को पढ़ाया जाता है जिनका स्कूल में नामांकन तो है लेकिन वे नियमित पढ़ने नहीं जाते है। ऐसे बच्चों को शिक्षण सामग्री और ड्राइंग का सामान बाटा गया।

यहां मानस सहित कई ब्रांड की मालकिन ने बच्चो को संस्कार की शिक्षा दी। मंजू चौधरी ने एक मूक बधीर बच्ची को गले लगाया तो बच्ची की आँखें भर आई सभी बच्चों ने उनको चारो तरफ से घेर लिया और लिपट गए। मंजू चौधरी अग्रवाल मानस सहित कई सरसों तेल ब्रांड कंपनियों की सीईओ है। मंजू चौधरी नेक कमाई की संरक्षक भी हे। बच्चो को बांटे उपहार ओर शिक्षण सामग्री : नेक कमाई की ओर से चल रहे शिक्षा संस्कार वृक्ष क्लास में संरक्षक दौलत राम हजरती ने इन क्लास की जानकारी दी। मुख्य कॉर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में एजुकेशन प्रोग्राम अधिकारी प्रवीन तनेजा ने बताया कि इस क्लास में सोनम कौर के नेतृत्व में टीम काम कर रही है। इन बच्चो को पढ़ाई के साथ सुबह समय से उठने, पेस्ट करने ओर नहाने के बारे में बताया जाता है। यह बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जाते है। अब इनके जीवन में परिवर्तन आने लगा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर बी. बी. गौतम थे जबकि अध्यक्षता संजीव मीणा वकील ने की। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। कार्यक्रम में बी. बी. गौतम ने कहा कि इन बच्चो को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए किसी प्रकार के संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। यहां बच्चो को पंकज जैन की ओर से ड्राइंग सहित शिक्षण खिलौने वितरित किए। कार्यक्रम में गायत्री परिवार की ओर से प्रतिभा सिंह ने गायत्री मंत्र की महता बताई। इस अवसर पर बच्चो की ओर से प्रवीन बत्रा ने आभार जताया।

## सविता देवी बनी ह्यूमन राइट्स काउंसिल की तहसील अध्यक्षा

♦भारत टाइम्स♦

**ब्यूरो/पाली ।**



मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल दास लश्करी के निर्देश एवं राजस्थान प्रदेश सह सचिव डॉ महेश सोनी की अनुशंसा पर सोजत रोड निवासी सविता देवी को सोजत तहसील की महिला मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया । सविता देवी के नियुक्ति के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालदास लश्करी ने घोषणा की हे कि सोजत रोड में निशक्त व निर्धन एवं बेसहारा महिलाओं ओर बालिकाओं को शिक्षा ओर कौशल विकास में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा, सिलाई, मेंहदी ओर अन्य हस्त कला के कौशल सीखने हेतु सोजत रोड में मानवाधिकार परिषद भारत द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा । जिसमें महिलाओं ओर बालिकाओं को कौशल सीखाना ओर निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा कोर्स करवाया जाएगा। इससे पहले पिपलिया कला में 40 से अधिक महिलाओं ओर बालिकाओं को RSCIT कोर्स करवाया जा रहा हे। जिसमें मानवाधिकार परिषद द्वारा एक लाख साठ हजार से ज्यादा रुपयों की स्कॉलरशिप (छात्रवृति) दी जा चुकी हे । इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तहसील अध्यक्ष को कार्यकारणी गठन के निर्देश दिए है। तहसील के कार्यकारणी गठन करने एवं मानवाधिकार परिषद के सोजत तहसील में कार्यो को गति प्रदान करने एवं मानव अधिकार की रक्षा करने के लिए कार्य करने प्रेरित किया है।

## बारडोली वडेर में आईमाताजी धर्म रथ का किया भव्य बधावा



**सूरतः** सीरवी समाज बारडोली वडेर में आईमाताजी धर्म रथ का आगमन हुआ। समाज बन्धुओ ने आईमाताजी धर्म रथ वैल को तीलक लगाकर गाजे बाजे के साथ भव्य बधावा किया। महिलाओ ने मंगल गीत गाए। धर्म रथ के साथ आए जति बाबा मंडली के पुना बाबा, महेंद्र बाबा मध्यप्रदेश, खेता महाराज, राजेंद्र पंवार, बाबूलाल परिहार, शंकर हाम्बड का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पुनाराम, कोषाध्यक्ष दलाराम, सहलाकार भंवरलाल, सचिव चेनाराम, सह-सचिव सरवण एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।